भारत विकास परिषद् संगरूर द्वारा कोरोना टीकाकरण उन्मूलन कैंप

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की चिन्ता रहे- यह वर्तमान युग में आवश्यक: चन्द्रसेन जैन

संपर्क | सहयोग | संस्कार | सेवा | समर्पण

स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारत ◆ Swasth-Samarth-Sanskarit Bharat

नीति Niti

ज्येष्ठ-आषाढ़ | June 2021

अंक 6 | पृष्ठ 54 | Rs. 10

कोविड केयर

Covid Care

डॉ. सूरज प्रकाश के लेखन से चयनित लेख

महिला सहभागिता

भारतीय समाज में महिलाओं का स्थान एवं देश के विकास में उनकी भूमिका पर बहुत कुछ लिखा गया है एवं अनेक मंचों से बहुत कुछ कहा जाता रहा है। इस समस्त लेखन एवं कथन का उद्देश्य यही है कि सामाजिक परिवर्तन लाने, चेतना जाग्रत करने एवं रुढ़िवादी बंधनों को तोड़ने में महिलाओं की भूमिका का महत्व समझा जा सके। महिलाओं को भारत विकास परिषद् के आदर्शों, उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध होकर समाज में परिवर्तन लाना होगा।

इस उद्देश्य से परिषद् की सदस्यता पति एवं पत्नी दोनों को ही दी जाती है ताकि पत्नी अपने पति के साथ समान रूप से परिषद् की गतिविधियों में भाग ले सके। अन्य समितियों के साथ एक महिला समिति भी इसी उद्देश्य से बनाई जाती है किन्तु महिलाओं का एक समानान्तर संगठन खड़ा करने की परिषद् में बिल्कुल मनाही है। एक ऐसा अलग महिला संगठन का जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष इत्यादि हों, का परिषद् में कोई स्थान नहीं है। निश्चय रूप से प्रत्येक शाखा में एक महिला संयोजिका होनी चाहिए जो शाखा के साथ मिलकर कार्यकारिणी समिति की देखरेख में कार्य करेगी। कार्यकारिणी में भी अधिक से अधिक महिलाओं को लिया जाना चाहिए एवं उनके अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष जैसे पदों पर चुने जाने को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

(नीति : नवम्बर 1989)

57 Years
In the Service of Mankind

BHARAT VIKAS PARISHAD

June 2021, No. 06, Vol XXXXXIVVXVXVXVXIIV
सृष्टि संवत् : 1, 96, 08, 53, 122 शकसंवत् 1943
ज्येष्ठ-आषाढ़ 2078 दयानन्दाब्द 199 कलि संवत् 5124

नीति | Niti

Mouth piece of Bharat Vikas Parishad with a circulation of 59650

National President
GAJENDRA SINGH SANDHU
Rudrapur | +91-9412136841

National Vice President (HQ)
MAHESH BABU GUPTA
Noida | +91-9811226601

National Secretary General
SHYAM SHARMA
Kota | +91-9829038190

National Finance Secretary
SAMPAT KHURDIA
Mumbai | +91-9821139149

National Organising Secretary
SURESH JAIN
Delhi | +91-9974399944

National Chairman Prakashan
DR SURESH CHANDRA GUPTA
Farrukhabad | +91-9415334709

National Secretary Prakashan Editor Niti
MANOJ AVASTHI
Ghaziabad | +91-9953495747, 9891153495

नीति समाचार भेजने के लिए केवल- niti@bvpindia.com का प्रयोग करें।

Niti e-paper : This issue is also available on Parishad's website **www.bvpindia.com**

Published & Printed by Ajay Dutta for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034 Editor : Dr. S.C.Gupta Printed at: DEEYA MEDIA ART, D-41/A, Opposite Metro Pillar No. 33, Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092, Ph.: 9312550335

मानव के अध्यात्मिक विकास और प्रबोधन के लिए बुराई एक खतरा है। सभी प्रकार की दुष्टता, बुराई और विक्षिप्तता का एक सिर्फ और सिर्फ एक ही उद्देश्य होता है, जो कि आपके ऊपर उठने के अवसर को समाप्त करना होता है।

IN THIS ISSUE

सम्पादकीय	04
राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की चिन्ता रहे...	06
कोरोना योद्धा सम्मान एवं पत्रिका विमोचन	08
भारत विकास परिषद् अस्पताल ने लगाई 1000 से अधिक वैक्सीन	16
भारत विकास परिषद् के रक्तदान शिविर में 111 यूनिट रक्त संग्रहित	20
भाविप राजसमन्द शाखा द्वारा 40 ऑक्सीजन बेड युक्त कोविड केयर सेंटर का संचालन	32

जून मास के पर्व

05 : विश्व पर्यावरण दिवस
06 : शिवाजी राज्याभिषेक
10 : वट सावित्री व्रत
11 : रामप्रसाद बिबस्मिल जयन्ती
13 : महाराणा प्रताप जयन्ती
20 : गंगा दशहरा
21 : निर्जला एकादशी
24 : कबीर जयन्ती
27 : भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकार की जयन्ती, बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय जयन्ती

Central & Regd. Office:
BHARAT VIKAS BHAWAN
Behind BD Block DDA Market, Power House Road, Pitampura, Delhi -110034
Ph: 011- 27313051, 27316049, 27314515
e-mail : bvp@bvpindia.com
niti@bvpindia.com
website : www.bvpindia.com

Price : Rs. 10.00 Per Copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

Please forward news at niti@bvpindia.com

मनोज अवस्थी

1963 में भारत विकास परिषद् का विचार व शुरुआत समाज के विख्यात लोगों से कॉफी पर हुई। फिर स्थापना हुई प्रारंभ में सभी बैठकें मरीना होटल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में हुआ करती थी। परिषद् की संकल्पना 12 जनवरी 1963 को स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के दिन हुई किन्तु संस्था को पंजीयन प्रमाण पत्र दिनांक 10 जुलाई 1963 को मिला। इसके प्रथम अध्यक्ष महान् राष्ट्रवादी एवं दिल्ली के भूतपूर्व महापौर लाला हंसराज गुप्ता व प्रथम महामंत्री सेवाभावी चिकित्सक डॉ. सूरज प्रकाश बने। भारत माता को आराध्य व स्वामी विवेकानन्द को पथ प्रदर्शक स्वीकार किया। 1968 में दिल्ली से बाहर परिषद् की प्रथम शाखा देहरादून (उत्तराखण्ड) में स्थापित की गई। 1969 में परिषद् के मुख्य पत्र 'नीति' का प्रथम प्रकाशन प्रारंभ हुआ तथा परिषद् के दिशाबोध के प्रथम स्थाई स्तम्भ के रूप में सन् 1973 में दिल्ली मिन्टो रोड के निकट छत्रपति शिवाजी महाराज की विशाल मूर्ति स्थापित की गई। मूर्ति का अनावरण तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी.वी.गिरी द्वारा किया गया। वर्ष 1978 में परिषद् का पहला अखिल भारतीय अधिवेशन दिल्ली में आयोजित हुआ तथा वर्ष 1982 तक पंजाब, उत्तर प्रदेश में विस्तार के साथ-साथ कोचीन (1982) व हैदराबाद (1983) में भी लगभग 30 शाखाएँ स्थापित हो गई। देशभर में लोगों से सम्पर्क व शाखा विस्तार कार्य गति पकड़ने लगा जो आज लगभग 1450 शाखाओं का वटवृक्ष है। वर्ष 1988 में 'नीति' पत्रिका का मासिक प्रकाशन प्रारंभ हो गया तथा वर्ष 1990 में परिषद् का पहला विकलांग सहायता केन्द्र दिलशाद गार्डन, दिल्ली में स्थापित हुआ। आज अनेक दिव्यांग पुर्नस्थापना केन्द्र, डायग्नोस्टिक सेन्टर, अस्पताल इस वटवृक्ष के पाँच सूत्रों -'सम्पर्क', 'सहयोग', 'संस्कार', 'सेवा', व 'समर्पण' के अन्तर्गत सामाजिक कार्यों में लीन हैं।

परिषद् के संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सूरज प्रकाश जी का जन्म 27 जून, 1920, को पाकिस्तान में हुआ था तथा वे 02 फरवरी 1991 को देवलीन हो गए। निस्वार्थ सेवा व निष्काम भाव से समाज के हजारो संभ्रान्त जनों जिनमें अनेक पूर्व राज्यपाल, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाविद्, उद्योगपति, चिकित्सकों को जोड़ माँ भारती की सेवा की अलख जगाकर समाज को लोक सेवा की एक नई राह दिखा गए - भारत विकास परिषद्।

परिषद् के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, दायित्वधारियों व शीर्ष मंडल को डॉ. सूरज प्रकाश द्वारा किए गए लोक कार्यों के अन्तरनिहित संचार मंत्रालय भारत सरकार से डॉ. सूरज प्रकाश जी पर एक डाक टिकट जारी करने का अनुरोध करना चाहिए। साथ ही डॉ. सूरज प्रकाश जी को विशिष्ट लोक कार्यों के अन्तरभूत पद्म पुरस्कार से सुशोभित करने का गृह मंत्रालय, भारत सरकार को शीर्ष मंडल द्वारा अनुमोदन भेजा जाए, ऐसी प्रार्थना है। परिषद् के पाँच सूत्रों को अंगीकृत हमारी निष्काम सेवा ही डॉ. सूरज प्रकाश जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

जून 2021 की नीति अंक e-copy है। लॉकडाउन के कारण देश के अनेक भागों में डाक सेवा बाधित है। नीति समाचार के लिए केवल- niti@bvpindia.com का प्रयोग करें।

ईश्वर के साक्षात दर्शन



एक बार तुलसीदास जी महाराज को किसी ने बताया की जगन्नाथ जी में तो साक्षात भगवान ही दर्शन देते हैं बस फिर क्या था सुनकर तुलसीदास जी महाराज तो बहुत ही प्रसन्न हुए और अपने इष्टदेव का दर्शन करने श्रीजगन्नाथपुरी को चल दिए।

महीनों की कठिन और थका देने वाली यात्रा के उपरांत जब वह जगन्नाथ पुरी पहुंचे तो मंदिर में भक्तों की भीड़ देख कर प्रसन्नमन से अंदर प्रविष्ट हुए।

जगन्नाथ जी का दर्शन करते ही उन्हें बड़ा धक्का सा लगा वह निराश हो गये। और विचार किया कि यह हस्तपादविहीन देव हमारे जगत में सबसे सुंदर नेत्रों को सुख देने वाले मेरे इष्ट श्री राम नहीं हो सकते।

इस प्रकार दुखी मन से बाहर निकल कर दूर एक वृक्ष के तले बैठ गये। सोचा कि इतनी दूर आना ब्यर्थ हुआ। क्या गोलाकार नेत्रों वाला हस्तपादविहीन दारुदेव मेरा राम हो सकता है? कदापि नहीं।

रात्रि हो गयी, थके-माँदे, भूखे-प्यासे तुलसी का अंग टूट रहा था। अचानक एक आहट हुई। वे ध्यान से सुनने लगे। अरे बाबा! तुलसीदास कौन है.? एक बालक हाथों में थाली लिए पुकार रहा था।

आपने सोचा साथ आए लोगों में से शायद किसी ने पुजारियों को बता दिया होगा कि तुलसीदास जी भी दर्शन करने को आए हैं, इसलिये उन्होने प्रसाद भेज दिया होगा आप उठते हुए बोले - हाँ भाई ! मैं ही हूँ तुलसीदास!

बालक ने कहा, 'अरे ! आप यहाँ हैं। मैं बड़ी देर से आपको खोज रहा हूँ।

बालक ने कहा -'लीजिए, जगन्नाथ जी ने आपके लिए प्रसाद भेजा है।

तुलसीदास बोले -- भैया कृपा करके इसे वापस ले जायें। बालक ने कहा, आश्चर्य की बात है, 'जगन्नाथ का भात-जगत पसारे हाथ' और वह भी स्वयं महाप्रभु ने भेजा और आप अस्वीकार कर रहे हैं। कारण.....?

तुलसीदास बोले, 'अरे भाई ! मैं बिना अपने इष्ट को भोग लगाये कुछ ग्रहण नहीं करता। फिर यह जगन्नाथ का जूठा प्रसाद जिसे मैं अपने इष्ट को समर्पित न कर सकूँ, यह मेरे किस काम का.?' बालक ने मुस्कराते हुए कहा अरे, बाबा ! आपके इष्ट ने ही तो भेजा है।

तुलसीदास बोले - यह हस्तपादविहीन दारुमूर्ति मेरा इष्ट नहीं हो सकता।

बालक ने कहा कि फिर आपने अपने श्रीरामचरितमानस में यह किस रूप का वर्णन किया है --

'बिनु पद चलइ सुनइ बिनु काना।
कर बिनु कर्म करइ बिधि नाना॥
आनन रहित सकल रस भोगी।
बिनु बानी बकता बड़ जोगी॥'

अब तुलसीदास की भाव-भंगिमा देखने लायक थी। नेत्रों में अश्रु-बिन्दु, मुख से शब्द नहीं निकल रहे थे। थाल रखकर बालक यह कहकर अदृश्य हो गया कि मैं ही तुम्हारा राम हूँ। मेरे मंदिर के चारों द्वारों पर हनुमान का पहरा है। विभीषण नित्य मेरे दर्शन को आता है। कल प्रातः तुम भी आकर दर्शन कर लेना।

तुलसीदास जी की स्थिति ऐसी की रोमावली रोमांचित थी, नेत्रों से अश्रु अविरल बह रहे थे, और शरीर की कोई सुध ही नहीं उन्होंने बड़े ही प्रेम से प्रसाद ग्रहण किया।

प्रातः मंदिर में जब तुलसीदास जी महाराज दर्शन करने के लिए गए तब उन्हें जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के स्थान पर श्री राम, लक्ष्मण एवं जानकी के भव्य दर्शन हुए। भगवान ने भक्त की इच्छा पूरी की।

जिस स्थान पर तुलसीदास जी ने रात्रि व्यतीत की थी, वह स्थान 'तुलसी चौरा' नाम से विख्यात हुआ। वहाँ पर तुलसीदास जी की पीठ 'बड़छता मठ' के रूप में प्रतिष्ठित है।

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की चिन्ता रहे-यह वर्तमान युग में आवश्यक : चन्द्रसेन जैन

- भारत विकास परिषद् का प्रान्तीय अधिवेशन सम्पन्न
- शरत् चन्द्रा ने सम्भाली भारत विकास परिषद्, हस्तिनापुर प्रान्त की कमान

मुजफ्फरनगर, हस्तिनापुर : शाखा के आतिथ्य में प्रान्तीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चन्द्रसेन जैन ने कहा भारत विकास परिषद् एक ऐसा मंच है जो निस्वार्थ भाव से मानव सेवा का भरपूर अवसर प्रदान करता है। साथ ही मानव जाति के कल्याण के लिए परिषद् की भूमिका को भारतीय संस्कृति ने प्रेरित किया है। नौजवान युवक व युवतियों को संस्कारित कर एक सफल इंसान बनाने में महति योगदान करती है। जिससे समाज व देश तरक्की करता है। इस अवसर पर कार्यकारिणी 2021-22 के लिए अध्यक्ष पद शरत् चन्द्रा, प्रान्तीय महासचिव डा. आर. के. सिंह, वित्त सचिव पद अशोक कुमार गुप्ता सहित 10 से ज्यादा दायित्वधारियों को शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री अनुराग दुबलिश ने कहा भारत विकास परिषद् निस्वार्थ भाव से समाज व मानव सेवा के लिए बढ़ चढ़कर भाग लेता है। परिषद् में कुछ अलग कर दिखाने की चाह रखने वाले लोगों का समूह है जो सेवा और संस्कार के कार्यों से राष्ट्र प्रगति का मार्ग प्रशस्ति करने का कार्य करती है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री विनीत संगल, नरेश गोयल ने अपने सम्बोधन में भारत विकास परिषद् की विभिन्न गतिविधियों को बताते हुए सदस्यता वृद्धि का आहवान किया। इस अवसर पर प्रान्तीय संरक्षक सत्यप्रकाश गौड, प्रान्तीय उपाध्यक्ष नीता दुबलिश, नवीन सिंघल, प्रान्तीय महिला चैयरपरसन अलका सिंह ने परिषद् के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराते हुए सेवा और संस्कार के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मृदुला गोयल जी ने पूरे वर्ष किये गये कार्यक्रमों और गतिविधियों को विस्तार से बताया। मंच का संचालन प्रान्तीय संगठन मंत्री रामकुमार तायल व मृदुला गोयल ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर करूणेश हालन, सुभाष चौहान, पी.एन. पालीवाल, आनन्द गौतम, आर.के. अरोडा, मुकेश शर्मा, के.जी. अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, इं. हरीश चन्द्र अग्रवाल, अमित तायल, इंदू मिश्रा, अजय गुप्ता, जे.बी. अग्रवाल, जगदीश पालीवाल, अरूण खण्डेलवाल सहित बडी संख्या में दायित्वधारियों एवं सदस्यों ने प्रतिभाग किया। ■

कोरोना योद्धा सम्मान एवं पत्रिका विमोचन

सांदीपनि मध्य भारत पश्चिम प्रांत शाखा द्वारा एक पारिवारिक परिचय पुस्तिका 'दर्पण' का विमोचन स्थानीय कीर्ति मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ मोहन यादव रहे। नगर में कोरोना महामारी के समय उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी महावीर खंडेलवाल साइबर सेल प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह राठौड़ डॉक्टर सतिंदर कौर सलूजा एवं डॉक्टर पी एन वर्मा का सम्मान संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पराग काबरा, प्रांतीय अध्यक्ष सुनील सिंहल, प्रांतीय महासचिव प्रदीप चोपड़ा, शाखा संरक्षक ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ ईश्वर सिंह सिसोदिया, नीलेश चंदन, प्रमोद जैन, सचिव पूजा देवेंद्र चित्तौड़ा, कोषाध्यक्ष खेमजी भाई चंदन मंचासिन थे।

भारत विकास परिषद्, पटियाला ने लगाया कोरोना टीकाकरण कैंप- भारत विकास परिषद्, पटियाला ने परिषद् भवन, सनौरी अड्डा में कोरोना टीकाकरण शिविर लगाया. जिसमें 81 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इस अवसर पर हरिंदर गुप्ता, राष्ट्रीय मंत्री ने सभी से अनुरोध किया की कोरोना महामारी को रोकने के लिए हम सभी को कोरोना टीकाकरण करवाना चाहिए। इस कैंप में सौरभ जैन, MD वर्धमान महावीर हॉस्पिटल विशेषतौर पर उपस्थित रहे। यहाँ दविंदरपाल सिंह छाबरा, मुकेश सिंगला, आदेश गुप्ता, आर एम् बांसल, नरेश बांसल, राजेश बांसल, रोहित सिंगला, निर्मल पासी और सुनीता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

सोमनाथ शाखा द्वारा कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम की योजना

सोमनाथ, सौराष्ट्र कच्छ : शाखा और स्वास्थ्य विभाग, गिर सोमनाथ जिले द्वारा 25 से 27 मार्च 2021 तक निः शुल्क टीकाकरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि वेरावल शहर में हर समुदाय के नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए प्रभावी कोरोना वैक्सीन मिल सके।

कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष, मंत्री, समन्वयक और शाखा के सदस्य तथा तालुका स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। मुफ्त टीकाकरण के इस तीन दिवसीय कार्यक्रम से 417 लोग लाभान्वित हुए।

प्रकल्प समन्वयक हितेशभाई विठलानी और शाखा के 23 सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान किया।

भारत विकास परिषद, सुभाष दक्षिण कोटा, राजस्थान

सुभाष कोटा, राजस्थान दक्षिण पूर्व : शाखा ने कोरोना महामारी से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रमाणित टीका लगवाने हेतु वृहद स्तर पर शिविर का आयोजन किया।

शिविर का आयोजन इंद्र विहार विकास सोसायटी में सुबह 9:00 से 5:00 के मध्य किया गया। उक्त शिविर में 476 व्यक्तियों को टीका लगाया गया।

भारत विकास परिषद् सुभाष शाखा कोटा द्वारा टीकाकरण शिविर के प्रथम सोपान का शुभारंभ किया गया।

टीकाकरण शिविर की अगली कड़ी में दूसरा शिविर 9 अप्रैल 2021 को अवेदना हॉस्पिटल परिसर, महावीर नगर तृतीय में लगाया गया।

भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा द्वारा लगाए कोरोना शिविर में 297 लोगों को लगाए गए टीके

बारां राज, दक्षिण पूर्व : शाख द्वारा जनसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की श्रृंखला में स्थानीय खाकी बाबा की बगीची में कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा सचिव हितेश खंडेलवाल ने बताया कि चिकित्सकीय टीम की उपस्थिति में टीकाकरण का आयोजन किया गया।

शाखा अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि शिविर में सर्वाधिक 297 टीके विभिन्न वर्ग के व्यक्तियों को लगाए गए। जिनमें 45 वर्ष से अधिक प्रथम टीका पुरुष 105 व महिला 83 को, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पुरुष 43 व महिला 37 को टीके लगाए गए व दूसरी डोज के रूप में 29 लोगो को टीके लगवाए गए।

शिविर में भारत विकास परिषद् के विनोद जैन, पराग टोंग्या, हितेश बत्रा, जयप्रकाश विजय, दिनेश गर्ग, राधेश्याम गर्ग व अन्य व्यक्तियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

धौलपुर, राजस्थान पूर्व में भारत विकास परिषद्, धौलपुर शाखा एवं चन्दन विला होटल में चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना वायरस टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी नत्थीलाल शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमें पूजन विधि रामदास साहू, शांति कुञ्ज हरिद्वार द्वारा संपन्न की गई।

शिविर में कुल 152 लोगों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष जयंत मोदी ने टीका लगवाते हुए बताया कि इस वैश्विक महामारी में टीकाकरण एवं बचाव ही कोरोना का एक मात्र इलाज है, इसमें आगे बढ़कर सभी को प्रोत्साहित करना होगा जिससे अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।

इस मौके पर चन्दन विला के नरेन्द्र शर्मा (राजा) ने देश-विदेश में चल रही कोरोना महामारी की भयावयता के बारे में बताते हुए उससे सावधानी एवं मास्क, उचित दूरी आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया। भारत विकास परिषद् के जिला समन्वयक जीतेंद्र शर्मा ने भी शिविर में टीका लगवाया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल गोयल ने कहा कि यदि भारत विकास परिषद् कि तरह ही सभी सामाजिक संगठन आगे आ जाएँ तो हम जल्द से जल्द इस भयानक बीमारी को देश से भगाने में कामयाब होंगे। साथ ही डॉ गोयल ने भारत विकास परिषद् एवं चंदन विला होटल को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर विजय राना, हेमेन्द्र मंगल, सर आकाश अग्रवाल, राजीव झा, पंकज विन्दल, लोकेश विन्दल, अनुराग गर्गआदि सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

Covid Vaccination Camp arranged by Rampura Phul Branch (pb south)

भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर **भारत विकास परिषद्, पिण्डवाडा** द्वारा सिरोहीरोड बस स्टेशन, हॉस्पिटल चौराहा, रेल्वे स्टेशन व वोलकेम इंडस्ट्रीज के बाहर नव वर्ष पर शुभकामना संदेश व कोरोना जागरुकता के लिए बैनर लगाए तथा पक्षियों के लिए राउमावि झाडोली के प्रांगण मे 21 परिडे लगाए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष जगदीश तिवारी, सचिव विजय प्रकाश गौतम सदस्य भूरसिह मीणा, डाक्टर रमेश खण्डेलवाल, गोविंद सिंह चौधरी सेवा प्रकल्प प्रभारी व भेरा राम प्रजापत उपस्थित रहे।

परिषद् परिवार द्वारा भारतीय नववर्ष की सभी को शुभकामनाएं संदेश भेजकर बधाई भेजी।

भारत विकास परिषद् की पूर्व उपाध्यक्ष के परिवार से पांच सदस्यों ने किया रक्त दान

बाड़मेर, राजस्थान पश्चिम : शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि वर्ममान काल में कोरोना महामारी के कारण रक्त की महति आवश्यकता होने पर सेवा भारती समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान के लिए लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रक्तदन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शाखा की पूर्व उपाध्यक्ष वंदना तापड़िया ने रक्तदान कर महिलाओं को इसके लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके परिवार के पाँच सदस्यों ने भी रक्तदान किया। उपाध्यक्ष सेवा ओम जोशी ने 18 से 45 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं को कोरोना रोधी टीका लगवाने से पहले एक बार रक्तदान करने का आह्वान किया। शाखा सचिव महेश माथुर ने रक्तदान को एक सतत प्रक्रिया बताया।

कोविड मरीजों के लिए फल उपलब्ध कराया

कोटरमा बाजार. जिला मुख्यालय स्थित डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर में भर्ती कोरोना पीड़ितों की सहायता के लिए भारत विकास परिषद ने शनिवार को फल उपलब्ध कराया. परिषद की सदस्य और निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुलवीर सलूजा ने बताया कि कोविड के मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए परिषद द्वारा लगातार एक सप्ताह तक फल उपलब्ध कराया जायेगा. उन्होंने बताया कि परिषद के राजस्थान महामंत्री, जसवंत सिंह, सुरेश जैन, दीनदयाल केडिया, नीतू कुमारी, नीरा सिंह, छोटेलाल आदि के सहयोग से इस कार्य को पूरा किया जा रहा है.

जोधपुर, राजस्थान पश्चिम : शाखा के तत्वधान में चौपासनी क्षेत्र के एक दिवसीय नि:शुल्क कोविड वैक्सीन 167 लोगों को लगाई गई। अध्यक्ष डॉ प्रभात माथुर और सचिव सुरेश चन्द्र भूतड़ा ने बताया कि इस शिविर में वार्ड संख्या 10 में 107 लाभार्थियों को निशुल्क टीकाकरण किया गया। वही वार्ड संख्या 12 रामदेव नगर क्षेत्र में 60 लाभार्थियों को टीके लगाये गये। इस शिविर में राजकीय चौपासनी अस्पताल की ऐ एन एम सुनीता, बिरमा और पावनि ने टीकाकरण कर अपनी सेवायें दी। शिविर के सदस्य सुरेश चन्द्र भूतड़ा, हरीश चन्द्र माथुर, महेश शर्मा और जसराज जोशी ने अपनी भागीदारी निभाई। वही वार्ड संख्या 10 की पार्षद सुश्री हेमलता परिहार और कार्यकर्ताओ ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था संभाली।

स्वास्थ्य सेवा

उज्जैन सांदीपनि, मध्य भारत पश्चिम : शाखा द्वारा सदस्यों के सहयोग से 4 ऑक्सिजन कंसेंट्रेटर मशीन जनसेवार्थ चलाई जा रही है। शाखा के माध्यम से होम क्वारेंटाइन कोविड पेसेंट को डॉ अविनाश जी बूँदीवाल द्वारा स्टाफ मोनेटरिंग सुविधा एवं व्हाट्सएप पर चर्चा के साथ निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया जा रहा है। कोविड संबंधी अन्य समस्याओं के लिए आने वाले फ़ोन कॉल्स पर भी समस्याग्रस्त व्यक्ति को मार्गदर्शन प्रदान कर रहें हैं।

भाविप संगरूर पंजाब पूर्व शाखा द्वारा कोरोना टीकाकरण उन्मूलन कैंप

संगरूर के गुरुद्वारा श्री गुरुनानक पुरा में टीकाकरण की शुरुआत करते डॉक्टर व गणमान्य।

संगरुर, पंजाब पूर्व : श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की 400वीं जन्मशताब्दी को समर्पित करते हुए गुरुद्वारा गुरुनानक पुरा कमेटी व व्यापार मंडल के सहयोग से 45 वर्ष से अधिक लोगों को निःशुल्क कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए शिविर आयोजित की गई। कैम्प में सहायक सिविल सर्जन डॉ जगमोहन सिंह, एसएमओ डॉक्टर बलजित सिंह व चीफ़ फ़ॉर्मसी अधिकारी अच्छविंदर देव गोयल ने विशेष तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर परिषद् के सदस्यों व गुरुद्वारा साहिब के प्रधान जसविंदर सिंह प्रिंस, शाखा के अध्यक्ष हरीश गुप्ता द्वारा डॉ जगमोहन सिंह,एसएमओ डॉक्टर बलजित सिंह सहित डॉक्टरों की टीम को सम्मानित किया गया। डॉक्टर जगमोहन सिंह ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोरोना के कहर से अब दुनिया मुक्ति पाने के इंतजार में है। इसके लिए सबसे कारगर उपाय नजर आ रहा है कोरोना वैक्सीन। इस बीच समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से टीकाकरण अभियान को और तेज किया जा रहा हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि देश को कोरोना मुक्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना का टीका लगवाना चाहिए।

संगरूर में कैम्प दौरान डॉ जगमोहन सिंह व डॉ बलजीत सिंह व अन्य सदस्यों को सम्मानित करते गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य।

कार्यक्रम में प्रदेश कनविनर वरिंदर कुमार, सहयोग प्रमुख राकेश जिंदल हैपी व राजीव गर्ग ने सेहत विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा की जिनकी आयु 45 वर्ष या अधिक है उन्हें वैक्सीन ज़रूर लगवानी चाहिए। ताकि इस बीमारी से समाज शीघ्रातिशीघ्र मुक्त हो सके। इस मोक़े पर भाविप के सचिव हिमांशु मदान ने कहा की भारत विकास परिषद् की और से शहर में दूसरा कैम्प लगवाया गया है। शिविर में 100 लोगों ने टीकाकरण करवाया।

अम्बेडकर जयंती : 300 कोविड वैक्सीन लगवा कर मनाई

भारत विकास परिषद् जोधपुर एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन चौपासनी क्षेत्र के वैष्णव नगर प्रथम, उर्जा विहार तथा गुलिस्तां कॉलोनी में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष डॉ प्रभात माथुर और सचिव सुरेश चन्द्र भूतड़ा ने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाकर किया गया। ड़ॉ प्रभात माथुर ने अम्बेडकर जी की तस्वीर को माल्यार्पण कर कोविड टीकाकरण शिविर की शुरुआत की। इस शिविर में 133 लाभार्थियों को निशुल्क टीकाकरण किया गया।

भारत विकास परिषद् कुरुक्षेत्र शाखा ने बांटी गरीब करोना पीड़ितों के लिए दवाइयां

Bharat Vikas Parishad, Jaitu |(Punjab South) : BVP Jaitu celebrated "Nav Samvat 2078" by organizing Free Covid Vaccination Camp with the co-operation of Civil Hospital Jaitu at Amar Murti Tagore School, Jaitu. In this Camp Dr. Astha Narula and her team advised the public for various safety precautions to be followed to stay Healthy and Fit. 48 peoples were given injection for vaccination against Covid. On this occasion, Sunil Singla, Patron BVP Jaitu and Mohan Lal Jindal, Joint Cashier BVP Jaitu enlightened the members about the importance of Hindu Nav Samvat and requested all the members to celebrate this occasion by Lighting diyas and making sweets at their homes and distributing among their near and dear ones.

भारत विकास परिषद् अस्पताल ने लगाई 1000 से अधिक वैक्सीन

कोटा, राजस्थान दक्षिण पूर्व : भारत विकास परिषद् अस्पताल कोटा और आसपास के क्षेत्र में चिकित्सा के लिए कर्मठता से काम कर रहा है। अस्पताल ने कोविड महामारी से बचाव के लिए कई वैक्सीन कैंप लगाएं हैं।

भारत विकास परिषद् के संरक्षक श्याम शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद् अस्पताल में आम व्यक्ति को कोरोना वायरस से बचाने के लिए और महामारी से लड़ने के लिए शिविरों के माध्यम से 1,000 से अधिक मुफ्त वैक्सीन लगाई है।

उन्होंने बताया कि हम अपना दायित्व निभाते हुए सामाजिक सरोकार के साथ सभी को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

इसी क्रम में कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन कैंपों का आयोजन किया गया है।

भारत विकास परिषद् अस्पताल कोटा कर रहा है कोविड-19 मरीजों के लिए समर्पित रूप से कार्य

कोटा, राजस्थान दक्षिण पूर्व : भारत विकास परिषद् अस्पताल कोविड के इलाज में पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य कर रहा है।

अस्पताल के संरक्षक श्याम शर्मा ने बताया कि कोविड मरीजों के इलाज के लिए अस्पताल में 30 बेड आईसीयू, 20 बेड प्राइवेट वार्ड और 80 बेड जनरल वार्ड में कोरोनावायरस के मरीजों लिए डेडीकेटेड किए हुए हैं।

अस्पताल के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि कोरोनावायरस की भयावहता के चलते अस्पताल ने मरीजों के इलाज के लिए सभी संसाधन जुटा लिए हैं। मरीजों को ऑक्सीजन और अन्य दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित किया है। इलाज के लिए रेमडेसिविर इंजेक्शन भी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

सचिव श्री अशोक वशिष्ठ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं और इस महामारी से लड़ने के लिए अस्पताल पूरी तरह तैयार है।

भारत विकास परिषद् के दो दिवसीय कोरोना टीकाकरण में 230 लोग हुए लाभान्वित

संगरिया, राजस्थान उत्तर : शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय एंटी कोरोना टीकाकरण शिविर का समापन आज अमेरिकन इंग्लिश स्पोकन इंस्टिट्यूट पर हुआ। शिविर प्रभारी व परिषद् उपाध्यक्ष पी. के. सर ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में 230 लोगों का टीकाकरण हुआ तथा वैक्सीनेशन के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। शिविर में 45 से लेकर 90 वर्ष तक के लोगों ने टीकाकरण करवाया। प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. संजय जिंदल ने बताया कि परिषद् सदस्य डोर टू डोर जाकर लोगों को टीकाकरण के फायदे बताकर उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी परिषद् की आईटी सेल की टीम कार्य कर रही है। अमेरिकन इंग्लिश स्पोकन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. बी. एल. शर्मा, चिकित्सा प्रभारी डॉ. बलवंत गुप्ता, ए एन एम मंजू देवी, गीता देवी व लखविंदर कौर, आशा सहयोगिनी अंजू बाला व दुर्गा सोनी, सहायक नोडल अधिकारी टीकाकरण विश्व प्रताप सिंह, कोविड 19 खंड प्रभारी अनिल जोशी को शिविर में उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। रजिस्ट्रेशन कार्य में सहयोग हेतु नवीन बागेला व हिमांशु सेन को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में अध्यक्ष कपिल बंसल, सचिव प्रदीप सिंगला, प्रान्त सह संपर्क प्रभारी अरुण अरोड़ा, पार्षद स्वर्ण संगर, राजेंद्र राजपूत, डॉ. संजीव जिंदल, अंकू गोयल, राहुल गुलाटी, रिंकू बाबा, मनीष सुथार, नीशू कामरा, रिंकी सिंगला, रोहित बंसल, अप्पू नागपाल आदि ने सेवाएं दी।

क्वॉरेंटाइन मरीजों के लिए सुबह एवं शाम को नि:शुल्क सात्विक 10283 भोजन पैकेट

राजस्थान मध्य प्रांत सेवा प्रकल्प के अंतर्गत कोविड-19 के तहत मरीज को घर में खाना बनाने की समस्या को देखते हुए प्रांत के अजमेर, भीलवाड़ा और राजसमंद जिले की शाखाएं घर घर जाकर भोजन वितरण किया। इस मुहिम के अंतर्गत परिषद् के सदस्य को क्वॉरेंटाइन मरीजों को सुबह एवं शाम को निःशुल्क सात्विक भोजन उपलब्ध करवाया गया।

प्रांतीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी ने बताया कि क्वॉरेंटाइन मरीजों को भोजन वितरण का कार्य 20 अप्रैल से शुरू किया था और 30 अप्रैल तक 10283 भोजन पैकेट प्रांत की महाराणा प्रताप शाखा भीलवाड़ा, अजमेरु अजमेर, नेताजी सुभाष, आजाद भीलवाड़ा, गंगापुर, ब्यावर और राजसमंद शाखा सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए।

उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद् का लक्ष्य है कि क्वारंटाइन मरीज परिवार के सदस्यों में खाने की समस्या ना आए इस हेतु भोजन पैकेट वितरण कार्यक्रम आगे भी इसी तरह से चलता रहेगा।

भोजन के व्यवस्था, पैकिंग एवं गुणवत्ता के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय, रीजनल एवं प्रांतीय दायित्वधारियों द्वारा अवलोकन किया जाता है व उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

घरौंडा हरियाणा उत्तर द्वारा स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर घरौंडा में कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 99 लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। शिविर का आयोजन हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने परिषद् द्वारा लगाए गए इस शिविर की प्रशंसा की। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख श्रीदीपक शर्मा रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव वरुण गुप्ता ने वहां पर पहुंचे गणमान्य व्यक्ति, परिषद् सदस्य एवं हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। अध्यक्ष राहुल गर्ग ने कैंप में अपना सहयोग करने पर वार्ड नंबर 3 के पार्षद जय भगवान सैन व विश्वकर्मा मंदिर के प्रधान धर्मचंद पांचाल एव कोषाध्यक्ष रमेश कुमार जी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष राहुल गर्ग, सचिव वरुण गुप्ता, कोषाध्यक्ष सन्नी बजाज, उपाध्यक्ष अरुण धीमान, प्रांतीय महासचिव धीरज भाटिया प्रांतीय स्थाई प्रकल्प प्रमुख विक्रांत राणा, पूर्व अध्यक्ष सुभाष गुप्ता व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सुखद पहल

उत्तर मध्य रीजन-1 ब्रज उत्तर प्रांत द्वारा सभी शाखाओं के अध्यक्षों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस मीटिंग प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार वार्ष्णेय जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें वर्तमान कोराना महामारी में आक्सीजन की विकराल समस्या के निवारण हेतु परिषद् सदस्यों के प्रयोग हेतु आक्सीजन बैंक की स्थापना का महत्वपूर्ण निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। इसके अन्तर्गत आक्सीजन सिलेंडर की सुविधा परिषद् सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य के लिए सदस्यों ने 11,11,000 एवं 55,000 की सहयोग राशि एकत्र कर शुभारंभ किया। सभी परिषद् बन्धुओं से सहयोग राशि इस पवित्र मद में अपेक्षित है।

प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ.राजेश पालीवाल, प्रांतीय विस्तार प्रमुख मुकेश वार्ष्णेय चित्रा, शिव शंकर, अरविन्द वैक्सवेव जी एवं केवल कृष्ण अरोड़ा जी के अथक प्रयासों एवं सहयोग प्रसंशनीय रहा।

Clementown Dehradun, Uttrakhand west have started Book Bank for slum area children with the cooperation of Jagat Bandhu Sewa Trust Dehradun and distribution of the books have been started.

शाखा विवेकानन्द फर्रूखाबाद द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर कई विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। शाखा अध्यक्ष ब्रजेश गंगवार,सचिव प्रफुल्ल अग्रवाल, वित्त सचिव संजीव चौहान महिला संयोजिका श्रीमती उपदेश सक्सेना के अलावा शाखा के कई सदस्य मौजूद रहे।

शामगढ़, मध्य भारत पश्चिम : शाखा द्वारा कोरोना महामारी मे आक्सीजन संकट के चलते समस्त सदस्यों के सहयोग से 1 आक्सीजन कंसट्रेटर मशीन प्रान्तीय कोषाध्यक्ष विनोद काला शाखा अध्यक्ष प्रमोद गुजराती व सचिव राकेश धनोतिया सहित शाखा पदाधिकारीयों ने सिविल अस्पताल को प्रदान की गई।

भारत विकास परिषद् के रक्तदान शिविर में 111 यूनिट रक्त संग्रहित

संगरिया, राजस्थान उत्तर : शाखा द्वारा कोरोना महामारी के चलते ब्लड बैंको में रक्त की भारी कमी को देखते हुए एक रक्तदान शिविर का आयोजन डीसी मॉडल स्कूल, कैनाल कॉलोनी रोड, संगरिया में किया गया, जिसमें 111 यूनिट रक्त संग्रहन हुआ। उक्त जानकारी देते हुए शिविर प्रभारी पार्षद स्वर्ण सँगर व एड. प्रिंस मिढा ने बताया कि यह शिविर स्व. डॉ रघुनाथ नागपाल (नाथी) व स्व. कृष्ण मुटनेजा की स्मृति में लगाया गया। परिषद् के प्रवक्ता डॉ संजीव जिंदल ने बताया कि कोरोना काल में सभी रक्त संग्रहण केंद्रों पर रक्त की भारी कमी को देखते हुए अधिकाधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर उनको रक्त आपूर्ति में मदद करने के लिए परिषद् द्वारा ये शिविर लगाया गया। प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ संजय जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में बंसल ब्लड बैंक जयपुर के डॉ मनीष सैनी, दीपक नागोरी, सौरभ शर्मा, दीपक जटवाल, राहुल आदि की टीम द्वारा रक्त संग्रह किया गया। शिविर में युवा योगेश कुमार रोडू के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष कपिल बंसल, डॉ संजीव जिंदल, डॉ संजय जिन्दल, पी के सर द्वारा किया गया। इस रक्तदान शिविर में प्रांतीय योग प्रभारी कैलाश वर्मा, प्रांतीय सह सम्पर्क प्रमुख अरुण अरोड़ा, उपाध्यक्ष पीके सर व अमनदीप सिंह, महिला प्रमुख कविता सुथार, सह सचिव राहुल गुलाटी, राजेन्द्र राजपूत, अंकु गोयल, मनीष सुथार, नरेश कामरा, विक्की सिंगला, गुरप्रीत सिंह, रिक्की सिंगला, डॉ योगेंद्र शर्मा आदि ने अपनी सेवायें दी।

कोरोना काल मे सेवा कार्य

आज भारत विकास परिषद् शाखा बाँदीकुई के माध्यम से होम्योपैथी दवा आर्सेनिक एलबम 30 दवा का वितरण किया गया।

यह दवा लोगो की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उत्तरदायी है।

परिषद् के अध्यक्ष प्रभुदयाल गुप्ता ने बताया कि लगभग 100 परिवारों को इस दवा का वितरण किया गया।

परिषद् के जवाहर सिंह जी के द्वारा वार्ड नम्बर 12 में इस दवा का वितरण किया गया।

मगध बिहार प्रान्त द्वारा कोविड के मरीजों के लिये "भारत विकास परिषद् कोविड केअर" के द्वारा निःशुल्क इलाज

अनुग्रहपुरी : शाखा द्वारा कोविड केयर सेंटर लगाया गया, जिसमें गया के प्रतिष्ठित डॉक्टरों की एक टीम ने सेवायें प्रदान की। शाखा अध्यक्ष डॉ मृत्युंजय कुमार फिजिशियन सह किडनी रोग विशेषज्ञ की देख-रेख में निम्नलिखित डॉक्टरों की टीम निःशुल्क सेवायें प्रदान की।

डॉ चंद्र किरण, फिजिशियन एमडी, डॉ अनुपम चौरसिया, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ मेघा सिन्हा, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ शैलेन्द्र कुमार, यूरोलोजिस्ट युरो एंड स्टोन, डॉ पल्लवी प्रिया, पैथोलोजिस्ट युरो एंड स्टोन, इन सभी ने 10 दिनों तक मॉनिटरिंग की।

अमृतेश कुमार ने बताया कि इस में सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है। इस कार्य के लिए मगध बिहार प्रान्त के अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुमार एवम महासचिव देव कुमार शर्मा ने सभी सदस्यों को बधाई दी।

सूरत, गुजरात मध्य : कोरोना महामारी की दूसरी लहर में रक्त की कमी को देखते हुए शाखा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रूपिनभाई पच्चीगर ने बताया कि रक्तदान शिविर में 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान करने मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया गया। शिविर को सफल बनाने में धर्मेश शाह, महेश पटेल, भावेश ओझा, रंजनाबेन पटेल, विनय केजरीवाल, सोनमबेन दुबे, अनुपम जैन, प्रेमकुमार शारदा, संजीत चौधरी व अन्य के सराहनीय सहयोग रहा। वीनस अस्पताल में मगनभाई पटेल की स्मृति में प्राप्त दान राशि से 18 से 40 वर्ष की आयु के जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजनबेन पटेल और प्रतिमाबेन सोनी ने किया। शिविर को सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सफल बनाया।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक्सपेरिमेंट स्कूल, पार्ले पॉइंट के ग्राउण्ड में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में 27 वृक्षों का रोपण ट्री गार्ड सहित किया गया। शाखा अध्यक्ष ने सभी को पेड़ लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सार्वजनिक एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष कमलेश भाई याग्निक ने पर्यावरण के बारे में जानकारी दी और अधिक से अधिक वृक्ष लगोने का अनुरोध किया। इस अवसर पर राजेश देसाई, भरत शाह, महेश चांडक, भावेश ओझा, प्रद्युन जरीवाला, रीजत चौधरी सहित अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

झारखंड प्रांत धनबाद उत्तर शाखा की ओर से आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम आयोजन

धनबाद उत्तरः शाखा एवं धनबाद क्लब संयुक्त तत्वाधान में धनबाद परिसर में 3 दिवसीय निःशुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर का शुभारंभ वरीय उपाध्यक्ष योगेन्द्र नरुल्ला, वरीय सदस्य विजय ऐलाहाबदी, चंद्रशेखर अग्रवाल एवं भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय मंत्री दीपक रूइया तथा क्षेत्रिय मंत्री श्री हरि रंजन सिंह के द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के सफल संचालन में धनबाद क्लब एवं भारत विकास परिषद् के पदाधिकारी, सदस्यों, कर्मचारियों एवं झारखण्ड सरकार के चिकित्सा कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

हे कोरोना, जरा शर्म कर!

हे कोरोना,
तुझे न दया, न करुणा।

जरा बताओ न --
कहाँ से तु आई, कब जाना?
यमदूत बनकर घूम रही क्यूँ?
घर घर भोज्य ढूंढ रही क्यूँ?
सांसों का दम घोट रही क्यूँ?

जरा शर्म कर, जरा ठहर --
किसी का सुहाग, तो संतान,
किसी की माँ, किसी का मित्र,
किसी की बहन, या फिर भाई,
कितनों को तु निगलेगी?

जरा सोच, जरा विचारकर--
कोटि जनों को करके घायल,
क्यूँ तुम इतना इठला रही हो?
सुरसा रूप, दानव-सी चाल,
मत चल, मत चल, मत चल।

जरा सुन ले मेरी एक बात --
तेरा संहार निश्चित है, शंका नहीं,
हारेगी पक्का, जीतेगा मानव।
हाँ, तेरी बात भी अंकित होगी,
'राजीव' इतिहास के पन्नों पर।

राजीव कुमार अग्रवाल
(बिलोटिया)

मजदूरों को मास्क वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया

मुख्य शाखा, झांसी बुंदेलखण्ड : शाखा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में सीपरी ओवरब्रिज के नीचे साइलेंट वर्कर के रूप में कार्य कर रहे मजदूरों को निःशुल्क मास्क का वितरण किया गया।

शाखा के दायित्वधारियों के द्वारा मजदूरों को कोरोना वायरस से बचाव की जानकारी दी गयी। मजदूर वर्ग को मास्क के सदुपयोग हेतु उन्हें जागरूक किया गया। शाखा अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि मजदूर वर्ग हमारे मध्य साईलेंट वर्कर के रूप में कार्य करते हैं, इन भाईयों का समाज के प्रत्येक वर्ग में अपना एक अलग महत्व रखता है इनके बिना हम कोई भी निर्णाण कार्य नही कर सकते हमें इन्हे कोरोना महामारी से जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी मजदूर भाईयों से अनुरोध किया गया कि वह मास्क को लगाकर ही अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

कार्यक्रम संयोजक कपिल नगरिया ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने पर शाखा सदस्यों द्वारा उन्हें धन्यवाद दिया गया।

प्रान्तीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता जी की उपस्थिति में मजदूर भाईयों को मास्क का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में शाखा सचिव अमित सरांया द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

भारत विकास परिषद् मध्य भारत पश्चिम शाखा शामगढ़ के माध्यम से दो मिनी वेंटीलेटर मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामगढ में समाजसेवी नरेन्द्र यादव अपनी पूज्य दादी मां स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी यादव की स्मृति में भेंट की

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह डंग सांसद सुधीर गुप्ता, डी एम आर पी वर्मा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष दानगढ़ प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद काला पूर्व अध्यक्ष मनोज जैन डॉ महेश सेठिया मुकेश दानगढ़ अध्यक्ष प्रमोद गुजराती सचिव राकेश धनोतिया सहित परिषद् सदस्य एवं गणमान्य नागरिक रोगी कल्याण समिति सदस्य एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे

श्री प्रांशू सिंह(35.वर्ष) व श्री प्रहर्ष सिंह(30 वर्ष)सुपुत्र श्री आलोक कुमार सिंह (पूर्व उपाध्यक्ष, भारत विकास परिषद, मानसरोवर, लखनऊ) ने प्लाजमा दान कर 2 कोरोना पीड़ित लोगों को जीवन दान दिया परिषद् ऐसे सुपुत्रों एवँ उनके माता-पिता जिन्होने उन्हें संस्कार दिए गर्व करता है। हम श्री प्रांशू एवँ श्री प्रहर्ष के स्वस्थ एवँ सकुशल रहने तथा उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

24 घंटे समाज सेवा में तत्पर रहेगी वैन

- एंबुलेंस चालकों की मनमानी पर लगेगी लगाम
- तीमारदारों से चालक वसूलते थे मनमाना किराया

जागरण संवाददाता, उरई : कोरोना संक्रमण काल में मरीजों के तीमारदारों से मनमाना किराया वसूलने की शिकायत को संज्ञान लेते हुए भारत विकास परिषद ने सेवाभाव वैन का शुभारंभ किया है। यह वैन 24 घंटे लोगों की सेवा में तत्पर रहेगी।

बता दें कि लगभग हर शहर में एंबुलेंस चालकों ने मानवता को ताक में रखते हुए मरीजों व उनके तीमारदारों से मनमाना किराया वसूलने का काम किया। यहां तक कि दो चार किलोमीटर की दूरी तक जाने के लिए दस से बीस हजार रुपये तक वसूल किए। इस तरह की अमानवीयता को देखते हुए सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद ने सेवा भाव वैन का शुभारंभ किया है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष लखनलाल चंदेया, प्रांतीय महामंत्री अजय इटौरिया ने कहा कि आपात काल में भारत विकास परिषद समाज की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

वैन में दान पात्र है जिसमें लोग अपना योगदान दे सकते हैं। वैन को बुलाने के लिए अजय इटौरिया के मोबाइल नंबर 9415024630, रोहित विनायक के मोबाइल नंबर व वैन चालक के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर एडीएम प्रमिल कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार शुक्ला, रोहित त्रिपाठी, प्रतीक अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में फीता काटकर सेवाभाव वैन को रवाना करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। जागरण

ब्रह्मावर्त प्रान्त के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य श्री अजय नारायण अग्रवाल की पुत्री डॉक्टर जया अग्रवाल ने प्लाज्मा डोनेट किया और प्लाज्मा डोनेशन के बारे में जानकारी भी दी। डॉक्टर जया अग्रवाल कानपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल में चिकित्सक भी है।

कोविड सेवा प्रकल्प के अंतर्गत ढाई सौ मेडिसिन किट का वितरण किया, जो कि बनारस एवं चंदौली और नौगढ़ के आदिवासी इलाकों में स्थानीय डॉक्टरों के माध्यम से वितरित की गई है। वहां के लोगों ने इस कार्य को बहुत ही सराहा क्योंकि उन लोगों तक दवाइयां नहीं पहुंच पा रही थीं। हम लोगों ने किट में दवाइयों के नाम व कोविड से बचाव के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में लिए उपाय जैसे मास्क लगाना, स्टीम लेना की एक पर्ची भी डाली थी जिसे डॉक्टरों ने बहुत ही सराहाऔर आश्वासन दिया कि वह भी आगे से कोई गरीब मरीज आएगा तो उसे मुफ्त में अपनी तरफ से भी दवाइयां देंगे।

फतेहपुर ब्रह्मावर्त प्रान्त की शाखा ने इस कोविड जैसी महामारी में मरीजों के सहयोग के लिए, ऑक्सीजन बैंक की शुरुआत कर सेवा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट कार्य किया है। ऑक्सीजन बैंक का उद्घाटन सांसद एव केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा वर्चुअली किया गया और उन्होंने पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया है। चित्र में मरीज के तामीर दार को ऑक्सीजन सिलेंडर सौपते शाखा के पदाधिकारीगढ़। इस ऑक्सीजन बैंक का संचालन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सचिव अजय गुप्ता, वित्त सचिव श्रीमती अंजू त्रिपाठी एव शाखा के समस्त सदस्यों द्वारा किया जा रहा है।

फर्रुखाबाद : विवेकानन्द, ब्रह्मावर्त शाखा द्वारा कोरोनकाल मे 500 सेनेटाइजर एव मास्क का वितरण किया गया।

इटावा मुख्य ब्रह्मावर्त शाखा द्वारा कोरोना जैसे कठिन समय मे लोगों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क वितरण का कार्य किया गया। साथ मे राहगीरों को प्रसाद भी बांटा गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष हरदत्त दीक्षित, सचिव के के त्रिपाठी, प्रांतीय कार्यशाला सह संयोजक महेश तिवारी एव शाखा के अन्य पदाधिकारी एव सदस्य मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद विक्रमादित्य ने बच्चों को बांटा मास्क व काढ़ा

मध्य भारत पश्चिम प्रांत की उज्जैन विक्रमादित्य शाखा द्वारा बच्चों को काढा और मास्क का वितरण किया गया जिसका समाचारपत्रो मे कवरेज

भारत विकास परिषद् ने बढ़ाए मदद के लिए हाथ, कोरोना पीड़ित परिवारों को दे रहे सहायता

राजस्थान दक्षिण पूर्व : मुख्य शाखा बाराँ ने कोरोना महामारी के दौरान कोविड-19 से पीड़ित गरीब परिवारों की मदद के लिए अपने हाथ बढ़ाए। शाखा अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है की कोरोना महामारी के दौरान कोई ऐसा परिवार जिसमे परिवार के उस व्यक्ति का देवलोक गमन हो गया है, ऐसे परिवारों को हमे बताए उन परिवारों की किस प्रकार की मदद की आवश्यकता है जैसे बेटी विवाह योग्य है और विवाह नहीं हो सका है, बच्चे छोटे है और आगे पढ़ाई का खर्च उठाने मे परिवार सक्षम नहीं है, राशन की आवश्यकता है जैसे कई आवश्यकता हो सकती है उनकी सूची बनाए भारत विकास परिषद् ऐसे परिवारो की सेवा के लिए वचनबद्ध है।

सचिव हितेश खण्डेलवाल ने बताया की इस हेतु परिषद् ने प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है औरउन्होंने अपना कार्य भी प्रारंभ कर दिया है जरूरत मंद व्यक्ति या अन्य संबंधित व्यक्ति भारत विकास परिषद् के नरेंद्र गोयल, विनोद जैन, पराग टोंग्या पवन मित्तल, रमाकांत गुप्ता, गिरिराज माहेश्वरी, रवि प्रकाश अग्रवाल से संपर्क कर अपनी आवश्यकता के बारे मे इन्हे या अन्य किसी भी भारत विकास परिषद् सदस्यों को सूचित कर सकता है।

प्रकल्प प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया की मध्यम वर्गीय परिवार जो विगत दिनों से बेरोजगार है ओर सरकारी सहायता से वंचित है अपने स्वाभिमान की वजह से किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना चाहते उनके लिए रियायत दर पर राशन भारत विकास परिषद् द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

अंजार, सौराष्ट्र कच्छः जब पूरे भारत में कोरोना की दूसरी लहर आई तो अंजार कोई अपवाद नहीं था। जब कई मामलों के कारण सरकारी या निजी अस्पतालों के संसाधन पर्याप्त नहीं थे, तो अंजार के लोगों में भारत विकास परिषद् ने एक आशा की किरण दी और शाखा के मेहनती सदस्यों ने इसे पूरा करने के लिए अपना सामान संगठन को सौंप दिया.

लोगों के घर पहुंचे ऑक्सीजन सिलेंडर, फ्लो मीटर, ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर मशीन। सदस्य हमेशा सरकारी अस्पताल को तत्काल आधार पर अतिरिक्त बिस्तर स्थापित करने में सहायता करने के लिए या मास्क, सर्जिकल दस्ताने, सैनिटाइज़र प्रदान करने के लिए, अंतिम संस्कार के समय शरीर को एक किट की आवश्यकता होती है और डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ को नाश्ता उपलब्ध कराने के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं।

संस्थान ने दो अन्य संस्थानों के साथ, रैपिड एंटीजन परीक्षण के लिए 14 दिवसीय शिविर का आयोजन किया और लगभग 3,000 रोगियों का निःशुल्क परीक्षण किया, जिससे सरकारी मशीनरी पर परीक्षण का बोझ कम हुआ और

रोगियों की जेब को भी कुछ छूट मिली। इसके लिए सदस्यों की सूक्ष्म योजना कबीलेदाद थी।

साथ ही मास्क, स्टीम इनहेलर, ऑक्सीमीटर भी रियायती दाम पर बेचे और लोगों को राहत दी।

एक हेल्प डेस्क बनाएं और अलग-अलग जरूरतों के लिए अलग-अलग सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपें जैसे कि प्रयोगशाला में आरटी पीसीआर की रिपोर्ट करना और अस्पताल में कितने बेड खाली हैं और कौन से वेंटिलेटर उपलब्ध हैं, इसकी जानकारी एकत्र करना।

इसके अलावा लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं कि क्या कोरोना के इलाज में टीकाकरण और आयुर्वेद की कोई भूमिका है या नहीं, जिसके समाधान के लिए संस्था ने ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया। जिसमें उन विषयों के विशेषज्ञों की मदद ली गई

इस दौरान संगठन ने अपने सदस्यों को एक परिवार की तरह सहयोग किया। शाखा के कई सदस्य और उनके परिवार अभिभूत हो गए, जिससे सदस्यों के संगठन के प्रति समर्पण को बल मिला।

यह सब करने के लिए, बिना हमसे पूछे, मैं उन सभी भामाशाहों को नमन करता हूं, जिन्हें अंतहीन दान मिला है।

ब्रह्मावर्त प्रान्त की औरैया शाखा द्वारा 50 वेपोरायजर, 72 शीशी सेनेटाइजर, 500 मास्क, 240 पैकेट बिस्कुट एव 240 पैकेट नमकीन कोविड-19 के मरीजों के लिए जिलाधिकारी औरैया को सौंपे। इस मौके पर शाखाध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, सचिव अंकित गहोई, वित्त सचिव हरमिंदर सिंह, प्रांतीय महासचिव अशोक त्रिपाठी, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रमेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय ने इस पुण्य कार्य के लिए भारत विकास परिषद् औरैया को धन्यवाद दिया।

भारत विकास परिषद् मध्य भारत पश्चिम शाखा नीमच द्वारा कोरोना योद्धाओं को वैक्सीनेशन सेंटर और कोविड केयर सेंटर पर आवश्यक सामग्री किट का वितरण किया गया जिसमें सेनेटाइजर, ग्लोब्स, फेस शिल्ड, मेडिकल केप, मास्क आदि सामग्री दी गई इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष संतोष खंडेलवाल, सचिव रूपेश जाधव, प्रांतीय अध्यक्ष सुनील सिंहल, पूर्व अध्यक्ष अशोक मंगल, सुनील जाधव, शिखर जैन, पंकजी दुबे, संदीप खाबीया, जितेंद्र शक्तावत उपस्थित रहे

5 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीने भेंट

भारत विकास परिषद् जोधपुर मुख्य शाखा को मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीने भेंट की गई। अध्यक्ष ड़ॉ प्रभात माथुर और सचिव सुरेश चंद्र भूतड़ा ने बताया कि कोरोनकाल में हमारी शाखा के वरिष्ठ सदस्यों के अथक प्रयासो से यह सम्भव हो सका। मनीष मूंदडा (नाईजीरीया) और शिवनारायण मूंदड़ा द्वारा 5 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीने, परिषद् द्वारा गत वर्ष से संचालित ब्रिथ बैंक को भेंट की गई। सहसचिव अजय माथुर ने बताया की पिछले साल में ही एक भामाशाह द्वारा 5 बी.पी.एल कंपनी की ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीने परिषद् द्वारा संचालित लैब (गीता भवन के पीछे) में भेंट की गई जिनका लाभ कई मरीजों द्वारा कोविड काल में ऑक्सीजन लाभ हेतु लिया जा रहा है। यह मशीनें आमजन को अमानत राशि और आधार कार्ड पर डॉक्टर के सलाह के आधार पर दी जाती है। इसमें सिलेंडर की आवश्यकता नहीं पडती तथा इलेक्ट्रिसिटी पर आधारित होती है। पोर्टेबल होने के कारण आसानी से घर पर आपेरट की जा सकती है।

BiPAP मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रावतभाटा को समर्पित

रावतभाटा, राजस्थान दक्षिण पूर्व द्वारा एक बाईपैप की व्यवस्था कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रावतभाटा को समर्पित किया गया।

रावतभाटा में कोरोना की बिगड़ती हालत के चलते मरीजों के लिए ऑक्सीजन के साथ-साथ वेंटिलेटर की मांग भी बहुत ज्यादा होने लगी। इससे निपटने के लिए वेंटिलेटर की भारी मांग के बीच एक और मशीन है जो पूरी तरह से वेंटिलेटर की तरह ही काम करती है। BiPAP को बाई लेवल पॉजिटिव एयर प्रेशर मशीन कहते हैं। यह मशीन उन मरीजों के लिए इस्तेमाल में लाई जाती है जिन्हें वेंटिलेटर की जरूरत नहीं है लेकिन सांस लेने में तकलीफ है। इस मशीन को हॉस्पिटल के साथ-साथ घर में भी उपयोग कर सकते हैं।

भारत विकास परिषद् रावतभाटा द्वारा आज राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नई बाई पैप मशीन आम जन सेवार्थ चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिल जाटव को समर्पित की गई।

इस मशीन को समर्पित करने के लिए शाखा संरक्षक राधेश्याम गुप्ता, प्रांतीय महासचिव मुकेश कुमार शर्मा, प्रांतीय गुरुवंदन सह प्रभारी महावीर शर्मा, अध्यक्ष रंजीत सिंह राजपुरोहित, शाखा सचिव राजेश जोशी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार व्यास, शाखा संगठन मंत्री श्री राम पलोड, एवं शाखा सदस्य विवेक आनन्द सिंह उपस्थित रहे।

दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह

भारत विकास परिषद् सेवा न्यास फिरोजाबाद द्वारा बैकुंठ विहार (शव वाहन) का लोकार्पण

ब्रज प्रांत : सेवा न्यास, फिरोजाबाद शाखा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला, बैकुंठ विहार शव वाहन का लोकार्पण कर आम जनमानस को समर्पित किया गया।

वाहन का लोकार्पण सदर विधायक फिरोजाबाद मनीष असीजा जी द्वारा फीता काटकर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत जी द्वारा श्रीफल फोड़कर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय मंत्री 'वित्त' NCR-1 सीए प्रवीन कुमार गर्ग जी एवं ब्रज प्रांत के महासचिव राहुल गर्ग जी के द्वारा किया गया।

सदर विधायक मनीष असीजा जी ने कहा कि भारत विकास परिषद् सेवा न्यास द्वारा संचालित किया गया यह प्रथम स्थाई प्रकल्प बहुत ही सराहनीय हैं जोकि इस कोरोना कालखंड में जन सेवार्थ के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा इसके साथ ही यह शव वाहन इन विषम परिस्थितियों में उन सभी के लिए उपयोगी होगा जो कि अभी अपने चिर परिचितों को उनके अंतिम धाम पहुंचाने में कष्टों का सामना कर रहे हैं उन्होंने भारत विकास परिषद् सेवा न्यास के समस्त सदस्यों को इस सेवा कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय मंत्री वित्त सीए प्रवीण गर्ग जी ने कहा कि भारत परिषद् शाखाओं के माध्यम से तो सेवा कार्य करता ही है इसके साथ ही आज फिरोजाबाद नगर की 5 शाखाओं (समर्पण शाखा, नेत्र ज्योति सेवा शाखा, अरूणोदय शाखा, संस्कृति शाखा, उत्कर्ष शाखा) ने मिलकर इस न्यास के माध्यम से आम जनमानस हेतु समाज सेवा करने का और भी दृढ़ संकल्प लिया है और आगे भी इसी तरह का प्रयास जारी रहेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक डॉक्टर रमाशंकर सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद् सेवा न्यास के इस सेवा प्रकल्प में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी आवश्यकतानुसार पूर्ण सहयोग रहेगा।

प्रांतीय महासचिव राहुल गर्ग जी ने कहा कि भारत विकास परिषद् सदैव ही सेवा के क्षेत्र में समर्पित रहता है उसी श्रृंखला में आज इस बैकुंठ विहार स्थाई प्रकल्प के रूप में सेवा का एक नवीन अध्याय और

जुड़ गया है जिसके माध्यम से परिषद् के मुख्य सूत्र संपर्क और सहयोग पूर्ण रूप से चरितार्थ हो रहे हैं।

न्यास, फिरोजाबाद के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल 'नवरंग' ने बताया कि यह बैकुंठ विहार शव वाहन सेवार्थ हेतु संचालित रहेगा साथ ही इसका मुख्य उद्देश्य किसी परिवार में किसी प्रकार की दुखद घटना होने पर होने वाली कठिनाइयों को दूर करना है।

कार्यक्रम का कुशल संचालन न्यास के सदस्य अतुल गर्ग द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन न्यास कोषाध्यक्ष श्री आनंद अग्रवाल द्वारा किया गया।

आज कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरीश सुनेजा, प्रवीण पारोलिया, हरिओम अरोरा, अमित जैन, अमित मित्तल, आशीष अग्रवाल, आनंद मित्तल, अर्जुन मित्तल, तरुण जैन आदि की सहभागिता रही।

प्रान्त का कोविड-19 हेल्प डेस्क

परिषद् परिवार के सभी सदस्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश : समाज के प्रति, संगठन के प्रति एवं सेवा कार्यों के लिए भारत विकास परिषद् के सदस्य जाने जाते हैं। इसी क्रम में प्रांत ने अपनी सेवायें जन जन तक पहुंचाने की ओर एक कदम बढ़ाने का प्रयास किया।

कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में प्रांत की अध्यक्ष इन्दु वार्ष्णेय द्वारा चारों जिले में 38 डॉक्टर की सहायता से घर बैठे फोन के माध्यम से कोविड-19 हेल्प डेस्क बनाया गया एवं प्रतिदिन जूम के माध्यम से अपने देश के अलावा विदेशों के डॉक्टर की भी सहायता ली गई।

प्रांत में आइसोलेशन सेंटर नोएडा एवं गाजियाबाद में अन्य संस्था के साथ मिलकर बनाया गया जिसमें 80 बेड की उपलब्धता थी जिसमें लगभग 70 के आसपास मरीजों को स्वस्थ करके घर भेजा गया।

गाजियाबाद जिले की महिला संयोजिका पायल त्रिपाठी एवं अध्यक्ष इन्दु वार्ष्णेय महासचिव पंकज सक्सेना व अन्य लोगों की सहायता से अब तक 250 से ज्यादा मरीजों को डॉक्टर की सलाह के साथ मेधा हॉस्पिटल, रामा हॉस्पिटल, दिव्या हॉस्पिटल, यशोदा हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा NIIMS, शांति गोपाल, संतोष मेडिकल, कैलाश, शारदा हॉस्पिटल, सुशीला हॉस्पिटल आदि हॉस्पिटल में मरीजों को बेड की व्यवस्था कराई है।

प्रांत द्वारा मरीजों को हॉस्पिटल में वेंटिलेटर की सुविधा एवं एक आर्थिक तंगी के कारण एक मरीज का 4 दिन वेंटिलेटर वा हॉस्पिटल के पूरे खर्चे का भी वहन किया गया।

प्रान्त द्वारा कोविड केयर सेंटर में गाजियाबाद से जुड़े क्षेत्रों में 4 एम्बुलेंस सेवा के दैनिक खर्च के वहन हेतु सहयोग दिया जा रहा है जोकि बहुत प्रभावी रूप से कार्य चल रहा है।

नोएडा स्वर्णिम शाखा द्वारा शमशान गृह में तीन ट्रक लकड़ियों का सहयोग किया। प्रान्त में भिन्न शाखाओं द्वारा तीन ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर कोविड सेन्टर को दिए गए। आठ(8) अलग-अलग शाखाओं में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर संचालित किए जा रहे हैं। विभिन्न शाखाओं द्वारा 254 ऑक्सीजन सिलेंडर मरीजों तक पहुंचाए गए व तीन सिलेण्डर का सहयोग हॉस्पिटल को दिया गया।

अलग-अलग शाखाओं के 7 रक्त दानदाताओं द्वारा प्लाज्मा डोनेशन उपलब्ध कराया गया। 300 क्रिटिकल मेडिकल किट बांटी गई। रेमड़ेसीवर इंजेक्शन शाखा द्वारा cipla कम्पनी के सहयोग से उपलब्ध कराई गए और यह कार्य अनवरत जारी है।

विभिन्न शाखाओं द्वारा 3000 मास्क, 1000 N95 मास्क, डेढ़ सौ फेस शिल्ड, 200 पीपीई किट भी बांटी गई। प्रांत की विभिन्न शाखाओं द्वारा अब तक लगभग 18000 से ज्यादा भोजन पैकेट बांटे गए एवं 1200 से ज्यादा कच्ची सामग्री की किट बनाकर बांटी जा चुकी है और यह कार्य भी अनवरत रूप से चल रहा है।

भारत विकास परिषद् राजसमन्द शाखा द्वारा 40 ऑक्सीजन बेड युक्त कोविड केयर सेंटर का संचालन

राजसमन्द, राजस्थान मध्य : कोरोना की दूसरी लहर आने के बाद प्रदेश भर में जहां एक तरफ दिनोंदिन संक्रमितों की संख्या में इजाफा हो रहा था। वही कई जगह पर संसाधनों की कमी की खबरें भी प्रमुखता से सामने आ रही थी। दरअसल दिन रात चिकित्सा विभाग युद्ध स्तर पर इस वैश्विक बीमारी से लड़ने के लिए जूझ रहे थे, लेकिन इसके बावजूद संख्या में बढ़ोतरी होने के चलते, कई जगहों पर पीड़ितों को काफी परेशानी हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए परिषद् की तरफ से कोविड केयर सेंटर तैयार किया गया।

राजसमंद जिला मुख्यालय पर ऑक्सीजन बेड की कमी होने पर ऑक्सीजन बेड उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया और जिला मुख्यालय के सबसे बड़े आर. के. अस्पताल के पास ही स्थित मार्बल गेंगसा एसोसिएशन कार्यालय के परिसर में भारत विकास परिषद् ने 40 बेड तैयार किए। शाखा के राकेश गोयल ने बताया कि परिषद् की ओर से पीड़ितों को निःशुल्क भोजन उनकी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को निःशुल्क चाय और नाश्ता की व्यवस्था भी करवाई गई। इसी कड़ी मे राजसमन्द शहर में भी कोविड से ग्रस्त परिवारों को भी दोनों समय के भोजन की व्यवस्था भी की गई।

परिषद् के स्थाई सेवा कार्य के तहत आर. के. चिकित्सालय में आपातकालीन कक्ष को विभिन्न चिकित्सकीय संसाधनों से युक्त भी किया गया। जिससे मरीजों को उसी कक्ष मे सारी आपातकालीन सुविधा मिल सके। आपातकालीन कक्ष में परिषद् के माध्यम से एक वेंटिलेटर, एक एयर कंडीशनर एवं अन्य आवश्यक उपकरण का सहयोग किया गया।

To

All Prantiya Presidents/General Secretaries/Finance Secretaries
CC: All National Secretaries- Finance

Dear Brothers/ Sisters,
Sadar Namaskar

Hope you with all your family members are safe & healthy. Please follow all preventive guidelines issued by government from time to time, though situation is not very favorable, but we are gradually moving towards normalization. We hope being on virtual platform, you must be trying to support Parishad's work as best as you can.

We would like to communicate to you that the collection of member's contribution for 2021-22 require this year your extra attention with inspirational encouragement among the members at prant level.

As per previous year's pattern, Prant which will deposit the Central Contribution on or before 30th June 2021 along with audited accounts (with all enclosures) and if their contribution is more than the number of members comparative to FY 2019-20 or FY 2020-21 whichever higher will be entitled to get 5% cash back as incentive for depositing amount within time limit as mentioned above.

We also further draw your attention that all the Prants are required to submit their audited accounts only after approving at Prant council meeting along with required enclosures and send us copy of resolution for passing accounts and a copy of notice with agenda calling council meeting is to submitted to central office on or before 30th June 2021, than only all such Prants will be felicitated at appropriate level and if all prant of any region submit before the prescribed time, then such region will also be felicitated; for your information last year FY 2019-20 north west region was recognized for their efforts.

So why wait for the last moment, as we appreciate the early entries; so start gearing up for the said submission as early the actions, early the outcomes.

With best wishes and kind regards

Yours brotherly

(CA Sampat Khurdia)
National Finance Secretary

संजीवनी प्रकल्प-अक्षय फंड

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जब आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा कोई भी अभावग्रस्त ना रहे, इसीलिए कनकधारा स्तोत्र की रचना की गई उसी प्रेरणा को मन में संजोकर कर भारत विकास परिषद् राजस्थान मध्य प्रांत द्वारा संजीवनी प्रकल्प प्रारंभ किया गया।

भारत विकास परिषद् परिवार है और हम सभी परिवार सदस्य तन मन धन से स्वच्छ-स्वस्थ और संस्कारित भारत के निर्माण के महान लक्ष्य की पूर्ति हेतु निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। परिवार में सदस्यों का आपसी संपर्क व संगठित रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है और प्रत्येक उद्देश्य की पूर्ति से पूर्व एक दूसरे के प्रति सम्मान, प्रेम व कर्तव्य का बोध होना भी अनिवार्य है। परिषद् परिवार के सदस्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए राजस्थान मध्य प्रांत इस वर्ष से संजीवनी प्रकल्प प्रारंभ किया है। इस प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य हमारे किसी सदस्य की अकाल मृत्यु होने पर उनके परिवारजन को यह एहसास दिलाना कि परिषद् परिवार उनके साथ है और सदैव उनके सहयोग हेतु समर्पित है।

इस प्रकल्प के मुख्य बिंदु इस प्रकार है-

1. आजीवन सदस्यता

शाखा के किसी भी सदस्य की मृत्यु के पश्चात दिवंगत सदस्य की पत्नी परिषद् परिवार के आजीवन सदस्या रहेंगी। उनकी सदस्यता हॉनरेरी मेंबर के रूप में रहेगी और सदस्यता शुल्क स्वैच्छिक रहेगा।

2. अक्षय फंड

इस प्रकल्प के अंतर्गत प्रांतीय चैरिटेबल ट्रस्ट में अक्षय फंड के नाम से

एक कोष का गठन किया गया। सर्वप्रथम प्रांत द्वारा इस फंड में 5,00,000 राशि हस्तांतरित की जाएगी। उसके बाद प्रत्येक वर्ष ₹50/- प्रति सदस्य को आधार बनाते हुए सहयोग राशि अक्षय फंड में प्रांत द्वारा हस्तांतरित की जाएगी।

3. अक्षय फंड का उपयोग

अक्षय फंड में एकत्रित राशि को प्रांतीय चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से प्रांतीय अक्षय फंड समिति के प्रस्ताव पर निम्न रूप में उपयोग किया जा सकेगा-

- दिवंगत सदस्य के बच्चों की शिक्षा के लिए- संबंधित शाखा के दायित्वधारियों की अनुमोदन पर दिवंगत सदस्य के परिवार के बच्चों की शिक्षा हेतु आवश्यकता होने पर सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। अधिकतम राशि कक्षा 8 तक के विद्यार्थी के लिए ₹10,000 प्रति विद्यार्थी और कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए ₹15,000 प्रति विद्यार्थी प्रति वर्ष।
- विवाह हेतु सहयोग- दिवंगत सदस्य के बच्चों के विवाह हेतु सर्वप्रथम परिषद् के सरल सामूहिक विवाह आयोजन में विवाह करवाने हेतु प्रेरित किया जाए और आवश्यकता होने पर सहयोग के रूप में ₹21,000 की राशि प्रदान की जायेगी।
- स्वावलम्बन सहयोग- संबंधित शाखा के दायित्वधारियों के अनुमोदन एवं शाखा के दो वरिष्ठ सदस्यों की गारंटी पर दिवंगत सदस्य की पत्नी अथवा बालिक संतान को आवश्यकता होने पर स्वावलम्बन सहयोग के अंतर्गत घरेलू उद्योग अथवा आत्मनिर्भर बनने हेतु कार्य करने के लिए ब्याज मुक्त ऋण (इंटरेस्ट फ्री लोन) दिया जाएगा। ऋण की राशि प्रोजेक्ट पर निर्भर करेगी परंतु अधिकतम राशि ₹50,000 निर्धारित है। ऋण का भुगतान लोन देने की तिथि के 6 महीने बाद समान मासिक किस्तों में करना होगा। भुगतान की मॉनिटरिंग का कार्य संबंधित शाखा के दायित्वधारियों व गारंटर वरिष्ठ सदस्यों का रहेगा। विषम परिस्थिति में ऋण की राशि को अक्षय फंड वित्तीय समिति की अनुशंसा पर बढ़ाया भी जा सकेगा।

4. एक्सीडेंटल डेथ बेनिफिट इंश्योरेंस

राजस्थान मध्य प्रांत की सभी शाखाओं के प्रत्येक सदस्य का ₹2,00,000 तक का एक्सीडेंटल डेथ बेनिफिट इंश्योरेंस किया जाएगा, जिसके अन्तर्गत दुर्घटना में सदस्य की मृत्यु पर ₹2,00,000 और अंगभंग होने पर ₹1,00,000 की सहयोग राशी मिलेगी। इंश्योरेंस के प्रीमियम का भुगतान अक्षय फंड में से किया जाएगा। इंश्योरेंस हेतु आवश्यक होगा कि वर्ष 2021-22 हेतु सदस्यता शुल्क एवं सदस्यता सूची नॉमिनी के नाम सहित 31 मई 2021 तक प्रांत को प्रेषित किया जाए। अगले सत्र से यह तिथि 30 अप्रैल रहेगी। प्रीमियम हेतु सदस्यों से अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

5. संजीवनी मित्र

इस प्रकल्प के अंतर्गत सहयोग एवं सहभागिता के उद्देश्य से संजीवनी मित्र का प्रावधान भी किया गया है। परिषद् सदस्य अथवा भामाशाह जो अक्षय फंड में सहयोग हेतु ₹5,100 की राशि प्रदान करेंगे, वह बंधु संजीवनी मित्र कहलाएंगे। संजीवनी मित्र को सार्वजनिक कार्यक्रम में मोमेंटो व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा और परिषद् के प्रत्येक कार्यक्रम में सादर आमंत्रित रहेंगे एवं अग्रिम पंक्ति में स्थान देकर उनका सम्मान किया जाएगा। संजीवनी मित्र हेतु निर्धारित फॉर्म व पैन कार्ड की प्रतिलिपि प्रांतीय कार्यालय को प्रेषित करना होगा और सहयोग राशि का भुगतान चेक के माध्यम से प्रांतीय चैरिटेबल ट्रस्ट में किया जाएगा।

अक्षय तृतीया के इस पावन अवसर पर प्रारंभ संजीवनी प्रकल्प को राजस्थान मध्य प्रांत के सदस्यों ने सकारात्मक भाव दर्शाते हुए सहर्ष स्वीकार किया। इसके परिणामस्वरूप प्रकल्प प्रारंभ करने के 2 दिन के भीतर ही 170 सदस्यों ने संजीवनी मित्र बनकर ₹8,27,000 की सहयोग राशि अक्षय फंड में दी। इस प्रकार प्रांत और संजीवनी मित्रों की राशि के साथ ही दो दिवस में 13 लाख 27 हजार रुपये अक्षय फंड में एकत्रित हुए। सभी सदस्यों के सकारात्मक सहयोग से इस प्रस्ताव को नई ऊर्जा मिली और निश्चय ही यह प्रकल्प पूरे देश के लिए एक नसीर बनेगा और इस प्रकल्प के माध्यम से हम अपने लक्ष्य को पूरा करने में सफल होंगे।

भारत विकास परिषद शाखा जालोर ने शहीदों को अर्पित किये श्रद्धा सुमन

जालोर : राजस्थान पश्चिम शाखा की ओर से शहीद दिवस पर शहर के रेलवे स्टेशन के निकट स्थित शहीद स्मारक पर देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद् के प्रांतीय संगठन मंत्री पदमाराम चौधरी, शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार दवे, सचिव वेलाराम चौधरी, देशाराम माली, विनोद चौधरी, एम.एल,गुर्जर, किशोर राजपुरोहित सहित आर्य वीर दल के पदाधिकारी दलपत सिंह आर्य, विनोद आर्य व कन्हैयालाल मिश्रा ने अमर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर पदमाराम चौधरी ने शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की आज से 90 वर्ष पूर्व दी गई शहादत को सलाम करते हुए बताया कि जिन अमर शहीदों ने स्वतंत्रता की मशाल हमारे हाथों सौंपी है। हमारा कर्तव्य है कि इस मशाल को सदैव प्रज्वलित रखें और हम प्रण करें कि हमारा भारत अब कभी विदेशी दासता के दिन नहीं देखेगा। शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार दवे ने कहा कि हम आशा करते हैं कि आज का यह दिन हमारे अंदर नई राष्ट्र भावना का संचार करेगा। सचिव वेलाराम चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Central Branch Bhubaneswar- Branch & Odisha Pranta has organised various sewa activities at different places, where B.K.Misra ex-Regional Secretary sewa east distributed 800 Tulsi Plant to branch members & senior citizens. He briefs the importance of Tulsi Plant & their usefulness and various sewa activity programs of BVP in the said meeting.

नेपाल का हर क्षेत्र में सहयोग करेगी भारत विकास परिषद्: सुरेश जैन

मुरथल: भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने नेपाल को समाज के हर क्षेत्र में सहयोग करने का आश्वासन दिया। सुरेश जैन ने नेपाली किसानों के बारह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में यह बात कही। इस अवसर पर नेपाल के पॉलिटिकल कमिश्नर आनंद प्रसाद शर्मा, दिल्ली के उद्योगपति जगदीश राय गोयल, राज्यपाल असम के मीडिया सलाहकार अतुल सिंघल, प्रगतिशील किसान कंवल सिंह चौहान, भारत विकास परिषद् के जिला अध्यक्ष योगेश कौशिक, सुरेंद्र लाम्बा, हिसार कृषि विश्वविद्यालय के डॉ जे के नांदल, भारत- नेपाल सम्बन्धों पर कार्यरत रुचि सिंह इत्यादि उपस्थित थे। नेपाल से आये इन किसानों को प्रशिक्षण हरियाणा सरकार का केंद्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र दे रहा है। केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अजय यादव के मुताबिक इस प्रशिक्षण के दौरान कम लागत मूल्य में अधिक खेती करने के गुर सिखाए जाएंगे। इस केंद्र में खासतौर से मशरूम की खेती की बारीकियां बताई गई। डॉ यादव ने बताया कि यहां अन्य कई देशों के किसान प्रशिक्षण के लिए आते रहते हैं। जबकि कोरोना काल में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये चौदह सौ किसानों को प्रशिक्षित किया गया। वहीं नेपाल के पॉलिटिकल कमिश्नर आनंद प्रसाद शर्मा ने कहा कि इस प्रशिक्षण से नेपाल के किसानों को बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कदमों से दोनों देशों के बीच सम्बन्ध और ज्यादा प्रगाढ़ होंगे।

नेत्रदान

मदनगंज (राजस्थान मध्य) सुश्री मुनिया माहेश्वरी सुपुत्री श्याम सुन्दर माहेश्वरी का मरोणोपरांत परिवार की सहमति एवं परिषद् सदस्यों के सहयोग से नेत्रदान कराया गया।

मदनगंज (राजस्थान मध्य) आजाद नगर निवासी सुदर्शना सोमानी पत्नी वासुदेव सोमानी का मरणोपरांत परिवार की सहमति एवं परिषद सदस्यों के सहयोग से नेत्रदान कराया गया।

महेंद्रगढ़, हरियाणा दक्षिण : शाखा ने शहर में सार्वजनिक जगहों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कोर्ट कैंपस, गोपाल गौसाला व अन्य जगहों पर 20 कूड़ेदान लगवाये गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप एवं दिनेश कुमार ने कहा कि परिवार की इस पहल से अच्छा संदेश बना है। लोगों में जागरूकता आयेगी और कूड़े का इधर उधर फेंकने के बजाय कूड़ेदान में डालेंगे।

शिवम अलीगढ़, ब्रज प्रदेश : शाखा द्वारा विक्रमी सम्वत 2078 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड के पीछे शाह कमाल रोड स्थित प्रकाश पेस्टिसाइड्स, पर बड़ी धूमधाम आयोजित किया गया जिसमें राहगीरों को ठंडई वितरित की गई। कार्यक्रम में डॉ. एस.डी.गुप्ता, शिव शंकर वार्ष्णेय शिवजी, डॉ. इन्दू वार्ष्णेय, डॉ. नीरू वार्ष्णेय, डॉ. प्रदीप कुमार वार्ष्णेय, विकास मोहन वार्ष्णेय भगत जी, सुधाकर कुलश्रेष्ठ, हरी शंकर वार्ष्णेय, विवेक जादौन, प्रकाश गुप्ता, रवीन्द्र वार्ष्णेय 'राष्ट्रीय' आदि ने सहयोग किया। ब्रज प्रान्त उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष अनिल कुमार वार्ष्णेय व संगठन मंत्री राजेश पालीवाल उपस्थित रहे।

चैरिटेबल ट्रस्ट लुधियाना, पंजाब पश्चिम : ट्रस्ट द्वारा मार्च माह में 10 दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से 210 दिव्यांगों को 224 कृत्रिम अंग, कैलिपर, ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर तथा हेयरिंग एड निःशुल्क बांटे गए। ट्रस्ट द्वारा शाहपुर कण्डी में मवेरिसयों के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंग लगाने का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पांच गायों को कृत्रिम पांव लगाया गया।

भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा भरतपुर का शपथ ग्रहण सम्पन्न

भरतपुर, राजस्थान पूर्व : शाखा के नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रेम गार्डन मैरिज होम में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह मग्गो द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई एवं सभी को वैज लगाकर आसन ग्रहण कराया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामावतार कोठारी ने अपने उद्बोधन में नए सत्र के कार्यक्रमों की भूमिका संक्षेप में बताई। कृष्ण कुमार अग्रवाल को प्रान्तीय संरक्षक, विनय गर्ग को प्रान्तीय अंकेक्षक, विनोद मंगल को प्रान्तीय सम्पर्क प्रमुख तथा शंकरलाल अग्रवाल को जिला समन्वयक बनाये जाने पर उन सभी का अभिनन्दन किया गया।

मुख्य अतिथि संचालक महेन्द्र सिंह मग्गो ने अपने उदबोधन में गत सत्र में शाखा द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और सामाजिक सहभागिता एवं जन सम्पर्क के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं नवीन पदाधिकारियों को आगामी समय में अधिक से अधिक जन समुदाय से जुडे कार्यक्रमों को एवं पर्यावरण से संबंधित कार्यों को किए जाने पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. लालाशंकर गयावाल ने किया एवं उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर नागरिक सभा द्वारा पारित दो प्रस्तावों का वाचन भी किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिंह प्रदान किया गया एवं आभार सचिव मुकेश गुप्ता द्वारा दिया गया।

विनोद मंगल (प्रान्तीय सम्पर्क प्रमुख)

रानी लक्ष्मीबाई शाखा कोटा द्वारा स्थायी प्रकल्प के तहत छ:जगह स्थायी प्याऊ का उद्घाटन

रानी लक्ष्मीबाई कोटा, राजस्थान दक्षिण पूर्व : शाखा द्वारा स्थाई प्रकल्प अमृत जलम प्याऊ के तहत कोटा के छः विभिन्न स्थानों पर स्थाई प्याऊ लगवाए गए। यह सेवा कार्य शाखा परिवार के सदस्यों द्वारा दिये गए अनुदान तथा शाखा कोष के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूप में चंद्र ज्योति शर्मा महिला थाना प्रभारी, कोटा, प्रान्तीय महिला प्रमुख स्नेह लता मालव महिला एवं बाल विकास, विशिष्ट अतिथि सीमा घोष प्रांतीय समूह गान प्रभारी व सारिका मित्तल प्रांतीय समूह गान सहप्रभारी उपस्थित रहे।

सुंदरम, अलीगढ़ ब्रजप्रदेश : शाखा द्वारा नव सम्वत्सर 2078 का आयोजन

सुंदरम, अलीगढ़ ब्रज प्रदेश : शाखा द्वारा माता रानी का स्वागत टीकाराम मंदिर में रंगोली बनाकर एवं दीपक जलाकर नव सम्वत्सर 2078 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रेनू मित्तल, कोषाध्यक्ष शुभा कौशिक, महिला संयोजिका सुनीता वार्ष्णेय अलका गर्ग एवं ज्योति मित्तल बहनें उपस्थित रहीं।

अध्यक्ष रेनू मित्तल ने कहा कि सभी बहनों के घरों में माता रानी की कृपा से सुख समृद्धि, खुशहाली आरोग्यता सदैव बनी रहे।

कोरोनो की महामारी से बचने के लिए घर से जरूरी हो तो तभी निकले। मास्क, सैनिटाइजर का प्रयोग करे। दो गज की दूरी बनाए रखे।

नगर इकाई हनुमानगढ़ (राजस्थान उत्तर प्रान्त) द्वारा भारतीय नववर्ष नव संवत्सर 2078 पर सार्वजनिक चौराहों पर राहगीरों और वाहनचालकों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष कपिल कालड़ा ने बताया कि परिषद् द्वारा नव संवत्सर मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं में भारतीय नव वर्ष के प्रति जागरूकता लाना है। इस मौके पर भारत विकास परिषद् के प्रांतीय पदाधिकारी राजपाल नागपाल, राजेन्द्र स्वामी, पूर्व प्रांतीय महासचिव पारस गर्ग, हरविंदर नागपाल, संजीव जैन, विकास गोयल, राजवीर सिंह, डॉ अंकुर धूड़िया, राहुल मित्तल, अतुल बठेजा आदि की उपस्थिति रही।

आशियाना बगीचा

भिवाड़ी, राजस्थान उत्तर पूर्व : शाखा के रजत जयंती वर्ष पर भिवाड़ी की 25 सोसाइटियों में दीप - प्रज्ज्वलन करके नव संवत्सर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक सोसाइटी में प्रकल्प प्रभारी नियुक्त किए गए थे। जिनके द्वारा सरकार के निर्देशों की अवपालना करते हुए जैसे मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग आदि के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित करते हुए लोगों को भारतीय नव संवत्सर के महत्व एवं तत्संबंधी संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उरई, बुंदेलखण्ड : हिन्दू नव_वर्ष विक्रमी_संवत_२०७८ एवं चैत्र_नवरात्र के शुभारंभ पर मुख्य शाखा उरई के अध्यक्ष लखन लाल चंदैया सचिव मोहित सिपौल्या कोषाध्यक्ष राम नरेश गुप्ता, राष्ट्रीय प्रकल्प चेयरमैन समग्र ग्राम जीवन राम गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष ई. अजय इटोरिया सं. मंत्री भूपेंद्र कंथारिया व अन्य दायित्वधारियों एंव सदस्यों के सहयोग से सदस्यों के आवास और पतिष्ठानों पर शक्ति, हिन्दुत्व एंव विजय का प्रतीक भगवा ध्वज लगाया गया। शहर के प्रमुख स्थानों पर भारत विकास परिषद् का नव वर्ष की शुभकामनाओं का बैनर लगाया गया।

अजमेर, राजस्थान मध्य : शाखा द्वारा नवसंवत्सर के अवसर में वर्चुअल दीप प्रज्जवलन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें दीप प्रज्जवलन में सतीश भटनागर प्रथम, भारती कुमावत द्वितीय एवं अलका गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में भारती कुमावत ने प्रथम, नीता भटनागर ने द्वितीय एवं सिद्धेश्वरी डीडवानियां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक की भूमिका योगबाला वैष्णव ने निभाई। इस अवसर पर सांस्कृतिक संयोजक दिलीप पारीक ने कहा कि कोरोना काल में ऑनलाइन आयोजन रचनात्मक प्रयोग रहा। अध्यक्ष सुरेश गोयल ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा निर्णायक का आभार व्यक्त किया।

Bharat Vikas Parishad Badarpur, Assam : Branch organised "BORSHOBORON" A Cultural Evening to welcome the Bengali New Year at Sri Sri Radha Krishna Akhra, Badarpurghat. Welcome address by Secretary of branch. Members and Guests exchanged greetings among themselves. Dances, Songs and Recitation were performed by members and artists. The program ended with speech and vote of thanks by President.

राजस्थान पश्चिम : शाखा ने विक्रम नवसंवत्सर २०७८ के पावन अवसर पर निःशुल्क मास्क, पक्षी परिंडा का वितरण वह अस्थाई जल प्याऊ का लोकार्पण किया। प्रकल्प प्रभारी - वैभव सुकलेचा ने बताया कि शाखा द्वारा नव वर्ष का स्वागत उत्साह, उमंग के साथ पूरे मुख्य बाजार में नव संवत्सर की शुभकामनाओं के बैनर लगाएं गए। भारत माता सर्कल पर नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम रखा गया वहा गुजरने वाले हर नागरिक, शहरवासी का कुमकुम तिलक लगा कर स्वागत किया वह नव वर्ष कि शुभ कामनाएं दी। सचिव - प्रशांत पाबुवाल ने बताया कि इस अवसर पर निःशुल्क 501 पक्षी परिण्डे का वितरण किया गया एवम् निःशुल्क कपड़े के बने 1000 मास्क का भी वितरण किया गया। साथ ही भारत माता सर्कल पर अस्थाई जल प्याऊ का भी लोकार्पण किया जो पूरी गर्मी ठंडे पानी से राहगीरों को गर्मी से प्यास बुझाने में राहत देगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल भराड़िया, राजेंद्र काबरा, सचिव - प्रशांत पाबूवाल, अजय सोमानी, आलोक गुप्ता, आशीष व्यास, अरुण सर्राफ, अशोक मेवाड़ा, दीपक झंवर आदि गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

भारत विकास परिषद् विन्ध्य प्रांत रीवा शाखा स्थायी प्रकल्प गौ सेवा संस्थान का शुभारंभ किया गया

रीवा, विन्ध्य : शाखा द्वारा बेहद सुंदर एवं दिव्य आयोजन के साथ आयोध्या से पधारे संत स्वामी श्री विष्णु दयानंद जी महाराज द्वारा गौसेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मां नर्मदा के अनन्य भक्त पूज्य श्री रमेश रावत जी, आलोक मिश्र, केशव शुक्ला व अन्य गणमान्य लोग उपस्थि रहे।

भारत विकास परिषद् ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

बांदीकुई, राजस्थान पूर्व : शाखा ने वार्ड नम्बर 18 स्थित वाल्मीकि भवन में अंबेडकर जयंती पर समरसता दिवस का आयोजन रखा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों और अन्य सेवानिवृत्त वाल्मीकि समाज के बन्धुओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉक्टर सोहन लाल जी ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन से शिक्षा लेने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

परिषद् के सचिव रवि शंकर शर्मा ने बाबा साहेब के कृषि सुधारों, श्रम कानून, हिन्दू विवाह अधिनियम के योगदान की जानकारी दी।

परिषद्अध्यक्ष प्रभुदयाल गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त नानगराम जी, सुरेश जी हरिजन, और डालचंद जी महावर का साफ़ा पहनाकर और दुपट्टे से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रेणु बैरवा,एयू फाइनेंस बैंक के प्रबंधक तथा प्रांतीय योग प्रकल्प प्रभारी दलपत सिंह,विष्णु शर्मा,गोपाल खंडेलवाल, समाज सेवी अजय बैरवा, मिथुन हरिजन और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अविरल गंगा रूड़की, उत्तराखण्ड पश्चिमः 1 मई को श्रमिक दिवस मनाया गया। अविरल गंगा शाखा इस दिन श्रमिकों को उनके श्रम के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए श्रमिक दिवस मनाती है। इस बार भी शाखा के सभी 40 सदस्यों द्वारा विभिन्न संकाय के श्रमिकों को एक किट भेंट की गयी जिसमें साबुन, तौलिए, टूथ पेस्ट, टूथ ब्रश के साथ साथ मास्क भी दिए गए। सदस्यों ने सफाई योद्धाओं के साथ साथ एम्बुलेंस ड्राइवर, माली, नर्स, कोविद मरीजों के कम्पाउन्डर्स इत्यादि को यह किट प्रदान की गई। मधु जैन, सचिव रीति वर्मा, कोषाध्यक्ष नीरज मित्तल तथा श्री अनिल माहेश्वरी द्वारा सफाई कर्मचारियों को यह किट दी गयी, शाखा के मुख्य संरक्षक डॉ सत्येंद्र मित्तल और श्री नीरज अग्रवाल द्वारा मालियों को किट दे कर सम्मानित किया गया। मुकुल गर्ग, सुगंध जैन, रेणु जैन द्वारा सड़क बना रहे मजदूरों को किट दी गयी। समाज में उनके द्वारा श्रेष्ठ कार्यो के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की गई।

दो सरकारी स्कूलों में वाटर कूलर लगवाये

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा ने की पहल

घोर संकट में भी कमल साहू भोजन पहुँचा रहे घरों तक, न फोटो न सेल्फी

वंदनीय है वो लोग जो इस महामारी के महासंकट में जरूरत मंदों के सहयोग में लगे हुये हैं कुछ मरीजों को लाने ले जाने हेतु निःशुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था कर रहें हैं तो कोई दवाएं एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा रहे हैं अनेक लोग निःशुल्क आक्सीजन पहुँचा रहे हैं। कई लोगों तक भोजन पहुँचाने की व्यवस्था में लगा हुआ है ऐसा ही एक नाम है भारत विकास परिषद् गाडरवारा के अध्यक्ष, आईसेक्ट गाडरवारा के संचालक श्री कमल जी साहू का, आप रोज लगभग 40 परिवारों तक स्वयं भोजन बनाकर विधीवत तरीके से पहुँचा रहें हैं 'न कोई फोटो न कोई सेल्फी' बस जूनून परेशानी में पडे लोगों तक भोजन पहुँचाना और वह भी पूरे उत्साह के साथ, प्रातः से ही कमल भाई लग जाते हैं अपने एक सहयोगी के साथ भोजन बनाने में और 12 बजे तक संबंधित के घर ससम्मान भोजन पहुंचातें हैं यही क्रम रात को भी चलता है। उनके इस कार्य, इस जजबे को नमन है। ऐसे परिवारो तक भोजन पहुँचा रहे हैं जिनके घर में सभी लोग बीमार हैं कोई भोजन बनाने बाला नहीं है।

टैगोर लुधियाना, पंजाब प.: महावीर जयंती चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से मनाई गई।

शामगढ़, मध्य भारत पश्चिम : शाखा द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

शामगढ, मध्य भारत पश्चिम प्रांत द्वारा मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के माध्यम से एक नेत्र परीक्षण शिविर शासकीय हॉस्पिटल शामगढ़ में आयोजित किया गया। नेत्र परीक्षण ओमेश गेहलोत दृस्टि दोष विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें 145 मरीजों की आंखों की जांच की गई एवं 39 चयनित मरीजों को मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन हेतु मक्सी रवाना किया गया।

शिविर में कोविड के नियमों का पालन करते हुए मास्क सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन किया गया।

कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष सेवा विनोद काला, प्रांत नेत्रदान एवं नेत्र चिकित्सा प्रभारी मनोज जैन, शाखा अध्यक्ष मुकेश दानगढ़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद चावड़ा, अरुण कासट, प्रमोद मुजावदिया कृष्णकांत रत्नावत, अर्पित जैन, डॉ अमित धनोतिया, आकाश मंडवारिया, जगदीश आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

कोलकाता, पश्चिम बंगाल : शाखा और अग्र युवा संगठन ने संयुक्त रूप से श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आयोजन जूम के माध्यम से किया जिसकी अध्यक्षता अग्र युवा संगठन के अध्यक्ष प्रभुदयाल केशान ने की। प्रांतीय महासचिव राजीव कुमार बिलोटिया ने हनुमान चालिसा प्रस्तुत किया। कोलकाता शाखा के अध्यक्ष सुनील सिंघानिया ने कार्यक्रम का संचालन किया और हनुमान जी के जीवन पर प्रकाश डाला। राजेश अग्रवाल ने सभी का अभिनंदन किया। श्री बिलोटिया ने बताया कि शाखा की ओर से एक जरूरतमंद लड़की के विवाह हेतु जरूरी सामान क्रय के लिए लड़की के परिवार को 5,000/- का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। संगठन के कोषाध्यक्ष सुशील फरमानिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह में सपरिवार सदस्यों ने हिस्सा लिया।

राजस्थान, उत्तर पूर्व : जयपुर शाखा द्वारा पशुधन के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गयी। पानी की तीन सीमेंट की टंकियां जयपुर के मुरलीपुरा क्षेत्र में रखवायी गईं। दो टंकी पंचमुखी हनुमान मंदिर वैद्यजी के चौराहे के पास व एक टंकी जमनापुरी पार्क के पास रखवायी गईं। पानी नियमित रूप से भरने की व्यवस्था भी की गयी। इस कार्यक्रम में सत्यनारायण शर्मा, सुभाष गुप्ता, महेश मित्तल, नृसिंह स्वर्णकार उपस्थित रहे।

घरौंडा, हरियाणा उत्तर : भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2078 के उपलक्ष में शहर की सभी दुकानों पर 1000 स्टिकर लगाकर लोगों को भारतीय नव वर्ष की बधाई दी गई, शहर की सभी चौक पर फ्लेक्स होर्डिंग लगाए गए व अखबारों में 6000 पर्चो के माध्यम से बधाई संदेश प्रपत्र वितरित किए गए। शाखा द्वारा शिव मंदिर रेलवे रोड घरौंडा में कढ़ी चावल प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्य के प्रकल्प प्रमुख हरीश गर्ग रहें। शाखा अध्यक्ष राहुल गर्ग द्वारा वहां पर पहुंचे सभी परिषद् सदस्यों एवं शहर वासियों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष राहुल गर्ग, सचिव वरुण गुप्ता, कोषाध्यक्ष सन्नी बजाज, उपाध्यक्ष अरुण धीमान, सह सचिव मनीष गुप्ता व आशीष गुप्ता, प्रेस सचिव सचिन जिंदल, प्रांतीय महासचिव व पूर्व अध्यक्ष धीरज भाटिया, शाखा पूर्व अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, विजय गर्ग, ईश्वर गुप्ता, राजेश जैन, राजेंद्र गोयल, विक्रांत राणा, कपिल गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र राणा, शाखा सदस्य कपिल धीमान, नीरज गुप्ता, सुमित बंसल, अंकुर जैन इत्यादि मौजूद रहे।

Badarpur, Assam : The branch observed 160th birth anniversary of Gurudev Rabindranath Tagore. Branch president, Secretary and members paid floral tribute at the partrait of Gurudev Rabindranath Tagore. Covid protocol was strictly maintained during the observation.

दक्षिण प्रांत हरियाणा द्वारा आयोजित वेबीनार

हरियाणा दक्षिण : प्रान्त का वर्चुअल वेबीनार सम्पन्न हुआ जिसमें कोरोना महारी से बचाव/सावधानियाँ एवं उपचार के बारे उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा की गई। युद्धवीर, जिला संयोजक योग आयोग ने योगा एवं प्राणायाम के माध्यम से इस आपदा में स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए। डॉ. अजित, जिला आयुर्वेदिक ऑफिसर रेवाड़ी ने आयुर्वेदिक पद्धति से कोरोना से बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. एस.पी. यादव, एमडी मेडिसिन, सीनियर चिकित्सक ने कोरोना के लक्षण, उससे बचने के उपाय, कोरोना संक्रमित होने पर घर में रहकर इलाज आदि के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. पुनम शर्मा, मनोचिकित्सक ने कोरोना आपदा के समय मानसिक तनाव से बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। वेबीनार में प्रान्त की सभी शाखाओं के दायित्वधारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत गर्ग, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय मंत्री तरुण त्यागी का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रान्तीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा एवं महासचिव डॉ. आर.बी.यादव ने साभी विशेषज्ञों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

पांचाल फर्रुखाबाद, ब्रह्मावर्तः शाखा के सदस्यों अतुल रस्तोगी, दुष्यंत श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, नारायण अग्रवाल, मुकेश सक्सेना, डॉ. ऋषि नाथ गुप्ता व अन्य सदस्यों के सहयोग से एक जरूरतमंद बेटी का विवाह मिलन गेस्ट हाउस में धूमधाम से सम्पन्न करवाई गई।

पश्चिम बंगाल प्रांत : भारत विकास परिषद् ने मनाई रबीन्द्र और प्रताप जयंती

कोलकाता, पश्चिम बंगालः कोलकाता एवं युवा गलैक्सी शाखा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर एवं महाराणा प्रताप जयन्ती जूम के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्त में परिषद् के संस्थापक सदस्य घनश्याम सुगला ने की। युवा शाखा सदस्य भुवन बिलोटिया और परामिता साहा ने विश्व कवि के रचित गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रान्त संरक्षक नन्दलाल सिंघानिया ने गुरु देव के जीवन पर प्रकाश डाला। कोलकाता शाखा अध्यक्ष सुनील सिंघानिया ने महाराणा प्रताप की जीवन गाथा बताई। बीना केशान ने मातृ दिवस पर सभी बधाई प्रेषित किया। युवा शाखा गलैक्सी सचिव हर्ष घोष ने सभी का स्वागत किया। घनश्याम सुगला ने युवा शक्ति को आगे आकर सामाजिक कार्यों में अहम् भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कुमारी अनुजा अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर दोनों शाखाओं के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

गाजियाबाद लोनी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश : कोरोना महामारी में शाखा सदस्यों द्वारा एक आर्थिक रूप से पिछड़े जोड़े का सामूहिक सरल विवाह सम्पन्न कराया गया। सदस्यों द्वारा कन्या को जरूरी सामान जैसे चांदी का मंगलसूत्र, पायल, बिछुआ, दिवान, सेफ, सिलाई मशीन, प्रेशर कूकर, बर्तन, बक्सा जिसमें साड़ी एवं कपड़े, सीलिंग फैन आदि दान स्वरूप दिया गया। सभी घराती बराती के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनील भटनागर, ओम पाल त्यागी, रजनी एवं संघ प्रचारक जिला गालियाबाद प्रवीन आदि ने उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद दिया।

फाजिल्का, पंजाब दक्षिण : शाखा द्वारा जय गोपाल बजाज के निवास पर एक रेकी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से 200 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीनिवास बिहारी, सतिन्द्र पुपनेजा, सौरभ पेडीवाल, श्याम पेडीवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

वीर तात्याटोपे, मध्य भारत उत्तर : स्वतंत्रता के महानायक तात्याटोपे के बलिदान दिवस पर सदस्यों ने तात्याटोपे समाधि स्थल पर पहुच कर प्रतीकात्मक माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजली अर्पित की इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक रक्तदान कपिल भाटिया शाखा संरक्षक नीरज अग्रवाल अध्यक्ष दीपक सिंघल राजकुमार गौर संजेश अग्रवाल नवीन गुप्ता गिरीश जैन आदि उपस्थित हुए कोरोना काल में सभी सदस्यो ने करोना प्रोटोकाल का पालन किया।

तुलसी के पौधे नि:शुल्क बाँटने का क्रम है जारी!

नांगल, पंजाब पूर्व : परिषद् के रीजनल सचिव के.के.सूद द्वारा नांगल के पीआरओ कार्यालय के समीप स्थानीय व अन्य राहगीरों के मध्य नि:शुल्क तुलसी के पौधे वितरित किये गये। के.के. सूद ने तुलसी की महिमा को बताया। उन्होंने ने कहा कि कोरोना संक्रमण में तुलसी का काढ़ा उपयोगी रहा है। तुलसी के पत्तों को चाय, दूध में डालकर अपने परिवार के सभी सदस्यों को सेवन कराये। उन्होंने कारोना से बचाव के अन्य उपायों पर भी चर्चा किया व सावधानियों के बारे जानकारी दी। रोजाना व्याम या योगा करे, राजमर्रा के खाने-पीने के लिए तैयार किए गए पदार्थों में तुलसी, हल्दी, अदरक का अवश्य प्रयोग करें।

राजस्थान उत्तर पूर्व प्रांत सांगानेर, जयपुर शाखा द्वारा नव सम्वत्सर का आयोजन

सांगानेर, जयपुर, राजस्थान उत्तर पूर्व : शाखा के सदस्यों द्वारा विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करके नव संवत्सर 2078 के अवसर पर नागरिकों के स्वास्थ्य सुख और समृद्धि की कामना की गई तथा आमजन को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। प्रताप नगर क्षेत्र के 6 प्रमुख स्थानों पर नागरिकों के स्वागत और अभिनन्दन के लिए फ्लेक्स लगाये गए।

कोरोन काल में भारत विकास परिषद् के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ निरन्तर अगली पंक्ति में खड़े रहकर मानवता की सेवा में अद्वितीय समर्पण हेतु परषिद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन को महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा 17 अप्रैल, 2021 को Champions of Change अवार्ड से सम्मानित किया गया।

महर्षि दयानन्द, हरियाणा उत्तर : शाखा द्वारा कोरोना काल में गरीब मजदूरों व लॉकडाउन के कारण अपनी आजीविका से वंचित लोगों को भोजन, वस्त्र व अन्य मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करने में दिन-रात लगी रही। इस महामारी से बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा उत्पादित दवाई के टीकाकरण का शुभारंभ पुरानी अनाज मंडी स्थित जिन्दल रजाई उद्योग व श्री काली मंदिर में आयोजित किया गया। इस पुनीत यज्ञ में सदस्यों ने अपनी आहुति दिये। शिविर में 100 लोगों को टीके लगाये गये। नव सम्वत्सर 2078 का स्वागत श्री गोधाम गौशाला में गायों को गुड़-चारा खिलाकर किया गया। आपातकालीन रक्तदान के अन्तर्गत सदस्यों ने रक्तदान किया। इस भीषण गर्मी में पक्षियों हेतु पेय जल के लिए 100 कसोरों का वितरण किया गया। कोरोना महामारी से बचाव हेतु श्री नीलकंट मंदिर, श्री काली मंदिर, श्री गुरुद्वारा साहिब और श्री शिव मंदिर में सैनिटाइजेशन किया गया। तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन बाल सुधार गृह में लगाया गया। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में राधा माध्व संकीर्तन मंडल के सहयोग से बच्चों को हनुमान चालीसा या हनुमान जी से जुड़े प्रासंगिक कहानियाँ सुनाई गई। सभी बच्चों को उपहार दिये गये।

सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समपर्ण

भारत विकास परिषद

(रुहेलखंड पश्चिम प्रान्त)शाखा बिलासपुर (रामपुर) द्वारा

निःशुल्क सेवा

12 ऑक्सी फ्लो मीटर

नोट-ऑक्सी फ्लोमीटर की सेवा निःशुल्क है लेकिन मीटर की राशि आपको जमा करवानी होगी जो मीटर बापसी पर रिफंड कर दी जाएगी।

कृपया उपयोग न होने पर फ्लोमीटर को समय रहते बापस कर दे, जिससे किसी ओर की जरूरत को पूरा किया जा सके।

इमरजेंसी हेतु संपर्क करें।

विनय अग्रवाल (अध्यक्ष)
9927050332

सपन अग्रवाल (सचिव)
9997546673

नीरज मिश्रा (मिश्रा मेडिकल)
9997035143

दीपक गुप्ता(कोषाध्यक्ष)
9760026943

RNI No. 19789/70 No. DL-(N)-112/2021-2023 Licensed to post without pre payment No. U (DN)-91/2021-22 Date of Printing 22.05.2021
Dates of Posting 27 & 28 May, 2021 from Ashok Vihar H.O. Delhi

Published & Printed by Ajay Dutta for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034
Editor : Dr. S.C.Gupta Printed at: DEEYA MEDIA ART, D-41/A, Opposite Metro Pillar No.33, Laxmi Nagar, Vikas Marg, Delhi-110092, Ph.: 9312550335